# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 156 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 05 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**
एल्विश पर ईडी ने लखनऊ में दर्ज की



**P- 4**
गोरखपुर में गैंगरेप के आरोपी को एनकाउंटर में लगी गोली



**P- 5**
भारत ने की थी चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश... खालिस्तानियों



**P- 6**
टी20 विश्वकप को लेकर सौरव गांगुली ने की भविष्यवाणी, इन दो टीमों



## हैप्पी मॉर्निंग


एक बार बस के कंडक्टर ने चिंटू से पूछा – तुम हर रोज दरवाजे के पास ही
खड़े रहते हो,
तुम्हारा बाप चौकीदार है क्या?
चिंटू बहुत ही शरारती था।
बोला– तुम
हमेशा मुझसे पैसे मांगते
रहते हो, तुम्हारा बाप
भिखारी है क्या?



## शायरी

इलाज-ए-दर्द-ए-दिल तुम
से मसीहा हो नहीं सकता
तुम अच्छा कर नहीं सकते मैं
अच्छा हो नहीं सकता

## अर्थसार



संसेक्स:
73,878.15
-732.96 (0.98%)
निफ्टी:
22,475.85
-172.35

## मौसम



अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से
सूर्योदय सोमवार : 5 : 39
सूर्यास्त रविवार : 7 : 00

# कश्मीर में आतंकी हमला, एक जवान शहीद, 4 घायल

## पुंछ में सुरक्षाबलों के 2 वाहनों पर फायरिंग हुई थी

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार शाम (4 मई) आतंकी हमला हुआ। इसमें एक जवान शहीद हो गया ।एयरफोर्स के 4 जवान घायल हैं। इन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया।

पुंछ के शाहसितार इलाके में सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर आतंकियों ने भारी फायरिंग की। एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। सेना के सूत्रों के मुताबिक, घटना वाले इलाके में एयरफोर्स की गरुड़ स्पेशल फोर्स को तैनात किया गया है। आर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी मौके पर मौजूद हैं। इलाके को घेर लिया गया है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

पुंछ, राजौरी-अनंतनाग लोकसभा सीट में आता है। यहां छठे फेज में 25 मई को वोटिंग है।

सुरनकोट में 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। वारदात को 4 आतंकियों ने अंजाम दिया था। आतंकियों ने अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं।

ये स्टील बुलेट सेना के वाहनों की मोटी लोहे की चादर को पार करते हुए जवानों को लगीं। पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

आतंकियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिसमें एम-4 राइफल के इस्तेमाल का दावा किया गया।

# 25 किलो सोना की तस्करी करते पकड़ी गई भारत में अफगान राजदूत



नई दिल्ली। भारत में सबसे सीनियर अफगान राजनयिक ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, पिछले महीने मुंबई हवाई अड्डे पर उन्हें हिरासत में लिया गया था। जाकिया वारदाक पर दुबई से लगभग 2.2 मिलियन डॉलर मूल्य के 25 किलोग्राम सोने की तस्करी के प्रयास का आरोप लगा। इस तरह की खबरों के बीच आखिरकार आज उन्हें अपना पद छोड़ दिया। वारदाक को 3 साल पहले मुंबई में महावाणिज्य दूत के रूप में भारत भेजा गया था। पिछले साल के अंत से नई दिल्ली में वह कार्यवाहक राजदूत के रूप में काम कर रही थीं।

जाकिया वारदाक ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके कहा, कई तरह के व्यक्तिगत हमलों और मानहानि के कारण मैं पद छोड़ रही हूं। ऐसी स्थिति ने मेरी भूमिका को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की मेरी क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे कहा कि बेहद अफसोस के साथ मैंने यह फैसला लिया है। पिछले साल से ही मुझे व्यक्तिगत हमलों और मानहानि का सामना करना पड़ रहा है। मेरे ही नहीं, बल्कि परिवार के करीबी लोगों के साथ भी ऐसा हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जाकिया वारदाक को गिरफ्तार नहीं किया गया क्योंकि उन्हें राजनयिक छूट है। सामान्य तौर पर अगर तस्करी किए गए सोने की कीमत 1 करोड़ रुपए से ज्यादा हो तो संदिग्ध को गिरफ्तार कर आपराधिक मुकदमा चलाया जाता है। वारदाक के पास इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान की ओर से जारी किया गया राजनयिक पासपोर्ट है। जब वह एयरपोर्ट से बाहर निकलने वाली थीं, तभी डीआरआई अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया।

सूत्रों के हवाले से बताया गया कि वह नियमित तौर पर इन गतिविधियों को अंजाम दे रही थीं। साथ ही, डीआरआई अधिकारियों को उनके बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी जिसके बाद जांच शुरू की गई।




यूएनएयू आदिवासी महिला मंच के सदस्यों ने 3 मई, 2023 को मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा पर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।

# 200 फीट नीचे गिरी कार, 5 की मौत

## मृतक आईएमएस और डीआईटी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट; मेरठ की छात्रा घायल, मृतकों में 2 यूपी के



मसूरी। उत्तराखंड में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हुआ है। एक कार बेकाबू होकर पहाड़ से 200 फीट नीचे गिर गई। हादसे में 5 स्टूडेंट्स की मौत हुई है। एक छात्रा गंभीर रूप से घायल है, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह तकरीबन 5 बजे की बताई जा है। मसूरी देहरादून रोड पर झड़ीपानी के पास हादसा हुआ है। कार में कुल 6 लोग सवार थे।

सभी स्टूडेंट देहरादून के डीआईटी यूनिवर्सिटी और आईएमएस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते थे। सभी एंडेवर कार (यूके07 बीडी8600) से मसूरी घूमने गए थे। सुबह के वक्त वापस आ रहे थे। तभी कार 200 फीट नीचे दूसरी सड़क पर छत के बल गिर गई। मृतकों में दो उत्तराखंड के हरिद्वार, एक उत्तराखंड के सहसपुर, एक यूपी के सोनभद्र और एक यूपी के मुरादाबाद जिले के रहने वाला था, जबकि घायल छात्रा नयनश्री (24) यूपी के न्यू विकास एलक्लेव-मेरठ की रहने वाली है।

### इन 5 स्टूडेंट्स की हुई मौत

आईएमएम यूनिवर्सिटी के अमन सिंह राणा (22) निवासी शंकरपुर, सहसपुर देहरादून।
आईएमएम यूनिवर्सिटी के दिंग्याश प्रताप भाटी (23) निवासी पैटलवुड अपार्टमेंट, ज्वालापुर हरिद्वार।
आईएमएम यूनिवर्सिटी की तनुजा रावत (22) निवासी दुर्गा कॉलोनी, रूडकी हरिद्वार।
अशुतोष तिवारी (25) निवासी निकट थाना नागपानी, मुरादाबाद, उत्तरप्रदेश।
डीआईटी यूनिवर्सिटी के हृदयांश चंद्र (24) निवासी एटीपी कॉलोनी, अनपरा सोनभद्र, उत्तरप्रदेश।

# ईडी की गिरफ्त में उत्तराखंड का शख्स; 130 करोड़ रुपये के बिटकॉइन जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कहा कि उसने 130 करोड़ रुपये से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है और अमेरिकी अधिकारियों के अनुरोध पर शुरू की गई ड्रग्स तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उत्तराखंड के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। परविंदर सिंह को परिसर की तलाशी के बाद 27 अप्रैल को नैनीताल के हल्द्वानी से हिरासत में लिया गया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपित डार्क वेब के माध्यम से ड्रग्स बेचता था। ये ज्यादातर यूरोपीय देशों में होती थीं। अमेरिकी अधिकारियों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर जांच शुरू की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि परविंदर सिंह और उसका भाई बनमीत सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ सिंह डीटीओ नामक एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी समूह संचालित कर रहा है। वे डार्क वेब बाजारों पर बिक्री कर क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के माध्यम से पैसे जुटाए। आरोपित ने सिल्क रोड 1, अल्फा बे और हंसा जैसे डार्क वेब बाजारों पर लिस्टन नाम का इस्तेमाल किया था। ईडी को लिस्टन नाम से जुड़े बिटकॉइन प्राप्त हुए जो कुछ और नहीं, बल्कि विभिन्न देशों में मादक पदार्थों की बिक्री के माध्यम से अपराध की आय थी। एजेंसी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी पहले ही हजारों करोड़ रुपये मूल्य के बिटकॉइन जब्त कर चुकी है।

**रेवन्ना रेप केस**

**किडनैपिंग से जुड़ा है मामला; सेक्स स्कैंडल में घिरे पोते प्रज्वल को ब्लूकॉर्नर नोटिस की तैयारी**

# पूर्व पीएम देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना एसआईटी हिरासत में



बेंगलुरु। पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के बेटे और कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने हिरासत में ले लिया है। यह एक्शन किडनैपिंग केस में लिया गया है। रेवन्ना ने गिरफ्तारी से अग्रित जमानत के लिए अपील की थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद एसआईटी ने उन्हें एक दिन के लिए कस्टडी में ले लिया है।

बेटे प्रज्वल रेवन्ना के साथ एचडी रेवन्ना भी कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में आरोपी हैं। दोनों को शनिवार को दूसरा लुकआउट नोटिस भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को जब एसआईटी जांच के लिए रेवन्ना के घर पहुंची तो, रेवन्ना समर्थकों ने टीम के साथ हाथापाई की।

### प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लूकॉर्नर नोटिस भेजने की तैयारी

एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल के खिलाफ ब्लूकॉर्नर नोटिस भेजने की तैयारी हो गई है। केस की जांच कर रही एसआईटी ने मीटिंग के दौरान कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया को यह जानकारी दी।

प्रज्वल हासन से जेडीएस के सांसद और लोकसभा कैंडिडेट हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए। आरोपों के बाद प्रज्वल को 30 अप्रैल को जनता दल एस से सस्पेंड कर दिया गया। प्रज्वल पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं।

28 अप्रैल को प्रज्वल के खिलाफ उनकी पुरानी हाउसमेड ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इसके बाद प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा वीडियो सामने आए। दावा किया गया है कि महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगा रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

### ब्लूकॉर्नर नोटिस भेजा तो क्या होगा?

ब्लूकॉर्नर नोटिस इंटरनेशनल पुलिस कॉरपोरेशन बॉडी जारी करती है। इसके जरिए एसआईटी को प्रज्वल की लोकशन और गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी मिल जाएगी। एसआईटी ने सीबीआई को नोटिस के लिए रिक्वेस्ट भेजी है। भारत में इंटरपोल के मामलों में नोटिस के लिए अपील करने वाली एजेंसी सीबीआई है।

# सुकमा में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच 3 बार हुई मुठभेड़; बंदूक, पाइप बम, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, नक्सली साहित्य, दवाईयां जब्त




सुकमा। सुकमा जिले में नक्सलियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में बिना नुकसान के सुरक्षा बल को सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की मांद में 25 किलोमीटर तक पैदल चल कर ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस दौरान सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच 3 बार भीषण मुठभेड़ भी हुई। नक्सली अपने सुरक्षित माने जाने वाले कोर जोन में भी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में कमजोर पड़कर भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में नक्सलियों के डंप हथियार और विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया। ऑपरेशन में जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर और 201, 206 कोबरा वाहिनी की टीम शामिल थी। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की जगरगुण्डा एरिया कमेटी इंचार्ज मनीला, सचिव माड़वी भीमे, एलओएस कमांडर लखमा और अन्य नक्सलियों की लगातार उपस्थिति मिल रही थी। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के कुल एरिया में ऑपरेशन लॉन्च किया। सर्चिंग के लिए जवान नक्सलियों के कोर एरिया ग्राम चिन्नाबोड़केल, रायगुड़ा, पेद्दाबोड़केल, मेडवाही, जोन्नागुडा, तुमालपाड़, बंडीगुड़ेम और आसपास के क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे।

अभियान के दौरान 3 मई को सुबह लगभग 6 बजे चिन्नाबोड़केल और रायगुड़ा के बीच पहले से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों को जान से मारने और हथियार लूटने की नीयत से अलग-अलग जगहों पर 3 बार अत्याधुनिक और बीजीएल से फायरिंग की। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव और अपने आप को घिरता हुआ देख नक्सली जंगल, झाड़ी और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। घटनास्थल की सर्चिंग में नक्सलियों द्वारा छिपाकर (डंप) रखे गए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और अन्य नक्सली सामग्री बरामद हुई।

### ये विस्फोटक और सामान हुए बरामद

घटनास्थल की सर्चिंग में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई भरमार बंदूक, 3 पाइप बम, 1 बीजीएल सेल बड़ा, 1 बीजीएल सेल छोटा, 9 सिंगल शॉट बैरल रॉड, 18 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 5 बम, 3 नक्सली वर्दी, 3 जोड़ी पिट्ठू बैग, 2 पाउच, 3 स्पाइक (लकड़ी का), 8 नक्सलियों की फोटो, 8 नक्सल साहित्य, 48 नक्सली पर्चे, 10 नक्सली वर्दी, 2 बंडल लोअर, 1 टॉर्च समेत बड़ी मात्रा में मेडिकल किट, दवाईयां और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है।

# रोजगार में वृद्धि की जरूरत

इन दिनों हर जगह तकरीबन इस बात की ही चर्चा रहती है कि भारत बड़ी तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। पर इस बात के पीछे क्या आर्थिक तथ्य और साक्ष्य हैं?

पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा भारत को 2022 में मिला, जब उसने अर्थव्यवस्था के जीडीपी के आकार में इंग्लैंड को पीछे छोड़ा। 2014 में भारत दसवें पायदान पर हुआ करता था।

उस समय भारत का जीडीपी 18.6 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था और भारत से आगे तब क्रमश: इटली (21.4 खरब डॉलर), ब्राजील (22.1 खरब डॉलर), इंग्लैंड (27.9 खरब डॉलर), फ्रांस (28.1 खरब डॉलर), जर्मनी (37 खरब डॉलर), जापान (52.1 खरब डॉलर), चीन (95.7 खरब डॉलर) तथा सबसे आगे अमेरिका (175.5 खरब डॉलर) थे।

इससे साबित होता है कि पिछले एक दशक में भारत के जीडीपी में तकरीबन दो गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यह अपने आप में आश्चर्यजनक है, क्योंकि इस दौरान पूरे विश्व ने कोरोना महामारी के चलते लगभग दो वर्षों तक आर्थिक मंदी के दौर को देखा है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने तो उस दौरान आजादी के बाद पहली दफा लगभग 25 फीसदी की नकारात्मक विकास दर को भी सहन किया था।

भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का पहली दफा उल्लेख अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने किया था। उसने भारत की लगातार चल रही छह और सात फीसदी की वार्षिक आर्थिक प्रगति दर को देखते हुए अनुमान लगाया कि वर्ष 2027 तक भारत का जीडीपी 50 खरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से ऊपर निकल जाएगा।

अभी भारत से आगे चल रहे जर्मनी और जापान तब क्रमश 49.5 खरब डॉलर और 50.8 खरब डॉलर के स्तर पर रहते हुए भारत से पीछे होंगे और तब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

लेकिन इस हकीकत को भी समझना अत्यंत आवश्यक है कि भारत आज भी प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से बहुत पीछे है। अगर इंग्लैंड से ही तुलना की जाए, जिसे पीछे छोड़कर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है, तो प्रति व्यक्ति आय में आज भी दोनों देशों में 20 गुना का अंतर है।

इसके अलावा, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से वैश्विक रैंकिंग में भारत मात्र छह पायदान ही ऊपर आया है। वर्तमान समय में 189 देशों में से भारत प्रति व्यक्ति आय में 141वें स्थान पर है, जबकि 2013-14 में भारत 147वें स्थान पर था। इससे स्पष्ट है कि पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी लगभग आधी से ही अधिक हुई है, जबकि जीडीपी दोगुना से अधिक बढ़ा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012 में भारत में तकरीबन एक करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार थे, जबकि 2022 में इनकी संख्या 2.29 करोड़ तक जा पहुंची थी, जिसके चलते बेरोजगारी की दर पिछले 10 वर्षों में 2.18 फीसदी से बढ़कर चार फीसदी पर पहुंच गई।

इसके अलावा, भारत का कृषि क्षेत्र बहुत पीछे हो चुका है। जीडीपी में उसके अंशदान को बढ़ाना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है, अन्यथा प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी बहुत आसानी से नहीं की जा सकती।

50 फीसदी जनसंख्या का रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर रहना ही इसका प्रमुख कारण है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र, जो रोजगार सृजन का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, को बड़ी तेजी से मुख्यधारा में लाना होगा।

## विश्व हंसी दिवस, 5 मई, 2024 पर विशेष

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम



- ललित गर्ग-



विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दु:खी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है।

विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।'

आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा।

उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दु:ख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं।

यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दु:खों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते।

जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद, हिंसा, युद्ध एवं महामारियों के डर से सहमे हुए हैं, ऐसे समय विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले दुनिया के लोगों में इतनी घबराहट और अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल हंसी ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल-जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए हंसना कारगर साबित हो सकता है। हंसने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक हंसते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है।

हंसने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं, पता ही नहीं चलता। हर व्यक्ति के जीवन में हड़कंप मचा हुआ है।

तब 'हास्य दिवस' की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। इस व्यस्त, अशांत एवं तनावग्रस्त जिंदगी में लोग कम से कम एक दिन तो अपने लिए निकालें और जी भरकर हंसे और हंसायें। तभी ओशो ने कहा है कि जब आप हंसने के पश्चात शांत हो जाएंगे तो यह महसूस करेंगे कि, पूरा विश्व, ये पेड़-पौधे, सितारे, पत्थर, पर्वत, सब आपके साथ हंस रहे हैं।

# टाईम पास

## आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करने की जरूरत

बृजभूषण शरण सिंह पर बेशक अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं, मगर जिस तरह महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए और जांचों से भी उनके खिलाफ तथ्य सामने आए, उससे उन्हें फिलहाल निरपराध नहीं कहा जा सकता।

अब यह उजागर है कि प्रत्याशी के चुनाव में राजनीतिक दलों से साफ-सुथरी छवि का ध्यान रखने की चाहे जितनी अपेक्षा और मांग की जाए, पर उनका मकसद एक ही होता है।

वे उसी को उम्मीदवार बनाते हैं, जिसके जीतने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह आपराधिक छवि का ही क्यों न हो। माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी बृजभूषण शरण सिंह को चुनाव मैदान में नहीं उतारेगी।

इसे लेकर उसमें ऊहापोह भी देखी जा रही थी। मगर लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार उसने उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दे दिया।

बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में अदालत की सुनवाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी वजह से भाजपा को खासी किरकिरी झेलनी पड़ी। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी बृजभूषण शरण सिंह पर अंगुली उठाई थी, जिसके चलते उन्हें कुश्ती महासंघ के चुनाव से अलग रहना पड़ा।

मगर उन्होंने कुश्ती महासंघ पर अपना दबदबा कायम रखने की नीयत से अपने एक करीबी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया और उसे ही विजय भी मिली। उस पर भी अंगुलियां उठनी शुरू हुईं, तो खेल मंत्रालय को आखिरकार बृजभूषण शरण सिंह के करीबी को अध्यक्ष पद से हटाना पड़ा।


यह समझना मुश्किल है कि भाजपा के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने बृजभूषण शरण सिंह से अपना पल्ला छुड़ाना उचित नहीं समझा। उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दे दिया।

इससे बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उठ रहे सवाल शांत नहीं हो जाएंगे। इसके पीछे एक वजह तो यह बताई जाती है कि उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज लगातार भाजपा पर आरोप लगा रहा था कि वह राजपूत समाज के प्रत्याशियों का टिकट काट रही है।

दूसरा कारण यह हो सकता है कि बृजभूषण का टिकट कटने से उनके बगावत करने और उस सीट से भाजपा के हारने की आशंका हो सकती थी। मगर इस तरह समझौता करके भाजपा अगर अपनी एक सीट बचा भी ले, तो इससे उसके सिद्धांतों पर सवाल तो उठेंगे ही। लंबे समय से मांग की जा रही है कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों का चयन करते हुए उनकी छवि का ध्यान रखें।


निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करें। अगर वे किसी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देती हैं, तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, क्या उसकी जगह कोई और प्रत्याशी नहीं मिला। बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे को टिकट देकर बेशक भाजपा इस जवाबदेही से बच गई है, पर यह तो जाहिर है कि वह चुनाव उनका बेटा नहीं, एक तरह से वे खुद लड़ेंगे। बृजभूषण शरण सिंह पर बेशक अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं, मगर जिस तरह महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए और जांचों से भी उनके खिलाफ तथ्य सामने आए, उससे उन्हें फिलहाल निरपराध नहीं कहा जा सकता। यह भी छिपी बात नहीं है कि उनके खिलाफ आंदोलन पर उतरी महिला खिलाड़ियों को किस तरह दमन के जरिए आंदोलन से हटाया गया। इन सबको लेकर लगातार सरकार के रवैये पर सवाल उठते रहे हैं। इसके बावजूद उनकी जगह उनके बेटे को टिकट देकर भाजपा ने एक तरह से एक नए विवाद को गले लगा लिया है।

## काकुरो पहेली - 3172




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3171 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मियां-बीवी में धन-दौलत की मिल्कियत को लेकर जबरदस्त कहा-सुनी हो गई. बीवी ने गुस्से से कहा, 'तुम्हारा इस घर में है क्या, जो कुछ है, सब मेरे पिता ने दहेज में दिया है.'

संयोगवश उसी रात घर में चोर घुस गए. बीवी की आंख खुल गई. वह मियां को जगाने लगी, 'जल्दी उठो, घर मे चोर घुस आए हैं.'

मियां ने करवट बदलते हुए कहा, 'मै क्यों उठूं, मेरा इस घर में है ही क्या?'

□ □ □

जज (अभियुक्त से) - तुम्हारी पहली पत्नी की मौत कार दुर्घटना से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी जहर खाकर मर गई. ऐसा क्यों हुआ?

अभियुक्त (जज से) - दूसरी पत्नी कार चलाना नहीं जानती थी.

□ □ □

एक ग्राहक होटल के बैरे से - अरे इस गिलास में पत्ता गिरा है.


बैरा (ग्राहक से) - इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है, इस शहर में हमारे होटल की कई शाखाएं हैं.

□ □ □

रमेश - अरे, आपका लड़का फेल हो गया है और आप मिठाई खिला रहे हो?

नेता जी - पास, फेल क्या मायने रखता है, बहुमत तो इसके साथ है. पचास में से पैतीस बच्चे इसके साथ फेल हुए हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3172




### बायें से दायें:-

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3171



## सूडोकु -3172

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3172



### बाएँ से दाएँ

1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

### ऊपर से नीचे

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

### शब्द पहेली -3171 का हल



# सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे जीजा-साले की मौत

## जहरीली गैस की चपेट में आने से दम घुटा, दीवार तोड़कर निकाला गया बाहर





नोएडा। नोएडा के सेक्टर 26 में देर शाम सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक एक मकान के सेप्टिक टैंक में सफाई करने के लिए उतरे थे। बेहोशी की हालत में दोनों को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के परिजनों की ओर से शिकायत की गई है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

युवकों की पहचान नूनी मंडल पुत्र झब्बू मंडल निवासी सेक्टर-9 की झुग्गी और खोखन मंडल पुत्र नानी मंडल निवासी सेक्टर 9 थाना फेस 1 की झुग्गी के तौर पर हुई है। खोखन नूनी का जीजा है। रिश्ते में ये दोनों जीजा-साले हैं।

पुलिस ने बताया- ये दोनों शुक्रवार को सेक्टर-26 में सुमित चावला पुत्र प्रदीप कुमार चावला निवासी ए-94 में बने घर में सेप्टिक टैंक की सफाई करने गए थे। दोनों शाम को करीब सात बजे सेप्टिक टैंक में उतरे थे। लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आए तो सुमित ने दोनों को खिड़की से आवाज दी। कोई हलचल नहीं होने पर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि सेप्टिक टैंक के अंदर जाने के लिए खिड़की के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।

लेकिन खिड़की के जरिए जाना खतरे से खाली नहीं था। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने दीवार तोड़ी। दीवार तोड़कर ही दोनों को बाहर निकाला गया। दोनों सेप्टिक टैंक के अंदर बनी जहरीला गैस की चपेट में आ गए।

बेहोशी की हालत में दोनों को कैलाश अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि आमतौर पर दोनों सफाई करने के लिए इस मकान में जाते रहते थे। जिस समय दोनों सफाई के लिए गए तो सेप्टिक टैंक में ही दम घुटने के कारण दोनों मर गए। मृतकों के परिजनों ने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मकान मालिक ने लापरवाही बरती और कोई सेफ्टी मेजर नहीं लिए। जिस कारण दोनों लोगों की मौत हो गई।

सूचना मिलते ही एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा भी मौके पर पहुंचे थे।

थाना सेक्टर 20 प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला का कहना है कि सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जब देखा की अंदर से निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है तो दीवार तोड़ी गई।

दीवार तोड़ते ही जैसे दोनों को बाहर निकाल तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद दोनों के परिजनों को तत्काल सूचना दे दी।

## सीएम का डीपफेक वीडियो बनाने वाले पर रंगदारी केस दर्ज

नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एआई तकनीकी का इस्तेमाल करके डीपफेक वीडियो बनाने वाले आरोपी के खिलाफ अब सेक्टर-49 थाने में रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का एक केस दर्ज हुआ है। शिकायत में बरौला गांव निवासी धर्मवीर ने बताया कि गांव का श्याम गुप्ता रेहड़ी पटरी वालों से रंगदारी मांगता है और न देने पर जान से मारने और जेल भिजवाने की धमकी देता है। इससे पहले श्याम गुप्ता ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का डीपफेक वीडियो बना कर अपने एक्स के हैंडल पर अपलोड किया था। जो कि तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने आरोपी के खिलाफ सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई थानों में केस दर्ज होने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के मुताबिक आरोपी श्याम किशोर गुप्ता मूलरुप से जनपद लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। जो काफी समय से नोएडा के बरौला में रह रहा था। आरोपी रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भी है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कॉलेज परिसर में औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करेगा कॉलेज

### 10 कम्पनियों का एमओयू हुआ साइन



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन से जुड़ी 10 कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में औद्योगिक इकाइयों के जरूर अनुसार मशीन लगाई जाएंगी।

लॉयड शैक्षिक समूह के अध्यक्ष मनोहर थहरानी ने बताया कि लॉयड कॉलेज औद्योगिक जरूरत के अनुसार अपने छात्रों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसी कड़ी में आज हम लोगों ने 10 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया है। कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर राजीव अग्रवाल ने बताया कि आज हमें अधिक से अधिक रोजगार परक औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकता है, जिसके लिए हमें कुशल कामगार युवक तैयार करना होगा। लॉयड कॉलेज अपने छात्रों को औद्योगिक जरूरत के अनुसार अपने परिसर के अंदर प्रशिक्षित करेगा। जहां छात्र सीधे औद्योगिक संस्थानों के साथ मिलकर अपने इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष से काम करना शुरू कर देगा। जब छात्र अंतिम वर्ष में रोजगार के लिए जाएगा तो उसे काफी मदद मिलेगा।

मुख्य प्रबंधक डॉक्टर शशि प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि अगले तीन से पांच महीने में कॉलेज परिसर के अंदर औद्योगिक इकाइयों में उपयोग हो रहे विभिन्न मशीन स्थापित कर दिया जाएगा, आज लाइट कनेक्ट श्रृंखला का शुरुआत किया गया है और अब इस श्रृंखला में अन्य क्षेत्रों के कंपनी को भी जोड़ने का काम करेंगे।

इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन से जुड़े संजीव शर्मा ने बताया कि हमारा संगठन पूरे तरह से छात्रों को आज की जरूरत के अनुसार तैयार करने में लॉयड समूह का सहायता करेगा।

इस मौके पर डॉक्टर अरुण प्रताप,रोहन, इरफान रवि ,करावी, अमीत उपाध्याय (अध्यक्ष, आई ई ए), अभिषेक जैन (कोषाध्यक्ष, आई ई ए),कमल सिंह ; नीरज चौधरी (कविता एंटरप्राइजेज)।

## नोएडा एक्सप्रेस वे पर एसयूवी कार में लगी आग



नोएडा। नोएडा के थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में एक एसयूवी कार में आग लग गई। कार चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। ये आग कार के इंजन में लगी। ग़नीमत रही कि आग से कार सेंट्रल लॉक नहीं हुई। चालक कूद गया। इसके बाद कार में तेजी से आग फैली।

मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल विभाग का इसकी जानकारी दी। एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात को रोका गया। और सर्विस लेन से निकाला गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि महिंद्रा एक्सयूपी 300 कार परिचौक से नोएडा की ओर आ रही थी। एडवांट टावर के पास अचानक कार में लग गई। आग तेजी से फैली। किसी तरह चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। कार तेजी से जलने लगी। ऐसे में पुलिस ने यातायात को रोकर सर्विस लेन पर डायवर्ट किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को सड़क के साइड में किया गया। यातायात सामान्य किया गया। ग़नीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई।

## एल्विश पर ईडी ने लखनऊ में दर्ज की एफआईआर

### मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस; सांप के जहर मामले में 5 दिन जेल में रहा यूट्यूबर

नोएडा/लखनऊ। यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लखनऊ में केस दर्ज किया है। ईडी को एल्विश के पास कई लग्जरी कारों का काफिला होने की जानकारी मिली है। सांप के जहर से जुड़े मामलों में भी बड़ी रकम के लेनदेन का पता चला है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, इन तथ्यों और नोएडा में दर्ज एफआईआर को आधार बनाते हुए केस दर्ज किया गया है।

ईडी एल्विश को समन भेजकर इस मामले में जल्द उनसे पूछताछ कर सकती है। बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एल्विश को सांप के जहर से जुड़े मामले में नोएडा पुलिस ने इसी साल 17 मार्च को गिरफ्तार किया था। 5 दिन जेल में रहने के बाद वह अभी जमानत पर बाहर है।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में ईडी मुख्यालय के निर्देश पर लखनऊ स्थित



जोनल कार्यालय ने केस दर्ज करके जांच शुरू की है।

### पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल का आरोप

भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल्स फॉर एनिमल्स के अधिकारी गौरव गुप्ता ने एल्विश समेत 6 लोगों के खिलाफ नोएडा सेक्टर-49 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। 2 नवंबर 2023 को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में यह केस दर्ज हुआ। पुलिस ने 4 सपेरों समेत 5 लोगों को उसी दिन गिरफ्तार किया था।

इनके पास पुलिस को सांप का जहर (वेनम) भी मिला था। इसे जांच के लिए लैब भेजा गया। जांच के बाद करीब 5 महीने बाद नोएडा पुलिस ने एल्विश को गिरफ्तार किया था।

### पुलिस ने 1200 पेज की चार्जशीट दाखिल की

नोएडा पुलिस ने इस मामले में 1200 पेज की चार्जशीट दाखिल की। इसमें 24 गवाहों के बयान शामिल किए गए। पुलिस ने दावा किया कि एल्विश का सपेरों से संपर्क था। मुंबई स्थित डिपॉर्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन टॉक्सिकोलॉजी के विशेषज्ञ की सलाह भी शामिल की गई।

डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया एल्विश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के आधार पर साक्ष्य दिए गए। चार्जशीट में एल्विश के सोशल मीडिया अकाउंट की कॉल डिटेल के बारे में विस्तार से बताया गया। कोबरा समेत 9 सांप और 20 एमएल जहर की रिपोर्ट को भी चार्जशीट में शामिल किया गया। एफआईआर कराने वाली संस्था के स्टिंग आडियो को भी शामिल किया गया।

### लग्जरी गाड़ियों का काफिला रखता है एल्विश

ईडी सूत्रों के मुताबिक, पुलिस जांच के आधार पर यह पता चला कि सांपों का जहर नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम के होटल और फार्म हाउस में होने वाली रेव पार्टियों में उपलब्ध कराया जाता था। इसमें बड़ी रकम के लेनदेन का शक है। ईडी अफसर इन फार्म हाउस संचालकों को तलब करके पूछताछ कर सकते हैं।

## 10 बड़े कॉमर्शियल डेवलपर्स पर 8400 करोड़ बकाया

### एनसीएलटी और कोर्ट केस होने से वसूली नहीं हो रही, मांग रहे जीरो पीरियड लाभ

नोएडा। नोएडा में कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के टॉप 10 बकायादार पर नोएडा प्राधिकरण का 8400 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। इसमें सुपर टेक, एटीएस, बुलेवार्ड, एमएमआर साहा, सन शाइन, ग्रेनाइट हिल और बीपीटीपी इंटरनेशनल समेत अन्य शामिल हैं।

प्राधिकरण इन डेवलपर्स से बकाया वसूल नहीं कर पा रहा है, क्योंकि कई परियोजनाएं या तो एनसीएलटी में हैं या दिवाला प्रक्रियाओं के तहत एनसीएलटी में जाने की प्रक्रिया में हैं। कुछ मामलों में डेवलपर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से जबरदस्ती कार्रवाई के खिलाफ स्थगन आदेश और स्टे लिया है।

प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार नोएडा में सबसे बड़ा डिफॉल्ट सेक्टर 94 में सुपरटेक की मेगा कॉमर्शियल परियोजना सुपरनोवा है। इस पर अकेले 2100 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। अधिकारियों के





अनुसार, डेवलपर ने प्राधिकरण के नोटिस के खिलाफ इलाहाबाद एचसी में एक याचिका दायर की थी और किसी भी दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ स्थगन आदेश प्राप्त किया है।

दूसरा सबसे बड़ा डिफॉल्ट सेक्टर-124 में एटीएस का नाइट्सब्रिज प्रोजेक्ट है। इस पर बकाया करीब 2000 करोड़ रुपए है। एनसीएलटी ने हाल ही में कंपनी के आवेदन को स्वीकार किया। जिसके तहत एक आई आरपी नियुक्त किया गया है। इसी तरह बुलेवार्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) है। इसका स्वामित्व रियल्टी फर्म 3सी ग्रुप के प्रमोटर के पास है।

सेक्टर 16 बी में दिल्ली वन प्रोजेक्ट पर प्राधिकरण का 1450 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। ये प्रोजेक्ट भी एनसीएलटी में है। सेक्टर 52 में एमएमआर साहा ग्रुप के 52एवेन्यू पर प्राधिकरण का 1100 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है।

इस ग्रुप ने एनजीटी के आदेश पर निर्माण प्रतिबंध के कारण जीरो पीरियड का फायदा के लिए राज्य सरकार के समक्ष अपील दायर की है, जो लंबित है।

### कॉमर्शियल प्रोजेक्ट पर नहीं लागू होती अमिताभ कांत की सिफारिश

स्टेट गवर्नमेंट ने बकाया और रजिस्ट्री के लिए अमिताभ कांत की सिफारिश लागू की। जिसके तहत डेवलपर कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा कर सकता है। इसके बाद आसान किस्तों पर शेष बकाया जमा कर सकता है।

इसके अलावा लॉकडाउन और एनजीटी के समय का जीरो पीरियड का फायदा भी मिलेगा। ये सिफारिश कॉमर्शियल प्रोजेक्ट पर लागू नहीं है। डेवलपर की डिमांड है इसे लागू किया जाए। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इन डेवलपर ने करीब 2 साल से प्राधिकरण में पैसा जमा नहीं कराया।

## रिटायर्ड आईजी के बेटे ने नाबालिग के साथ की छेड़खानी

### पहले लिया नंबर फिर भेजा अश्लील मैसेज, पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर-78 स्थित एक नामी सोसाइटी में रहने वाली 12वीं कक्षा की नाबालिग स्टूडेंट से अश्लील हरकत करने वाले वकील को सेक्टर-113 पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्तमान में एक निजी जिम कंपनी में लीगल एडवाइजर के पद पर कार्यरत है। उसके पिता सशस्त्र पुलिस बल से आईजी के पद से 2014 में रिटायर्ड हो चुके हैं। इस मामले में स्टूडेंट के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि सोसाइटी निवासी एक व्यक्ति ने बीते दिनों पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती है। शिकायतकर्ता की बेटी जब सोसाइटी की लिफ्ट में जा रही थी तो उन्हीं के टावर में रहने वाले सौरव पुरी ने उससे उसका मोबाइल नंबर ले लिया। सौरव ने कहा कि उसकी पत्नी एक विश्वविद्यालय में निदेशक है,ऐसे में वह उसका दाखिला वहां पर करवा देगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बाद में सौरव पुरी ने उसकी बेटी के साथ पार्क में अश्लील हरकत की और उसे वॉट्सऐप पर अश्लील मैसेज भेजे। कई बार मना करने के बावजूद भी जब आरोपी नहीं माना तो स्टूडेंट ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं आरोपी का कहना है कि उसे इस मामले में फंसाया गया है। उसके अनुसार उसने इस मामले की शिकायत पूर्व में ही एनसीआरबी से कर दी थी।

## महिलाओं और युवतियों पर जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप

नोएडा। एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में शनिवार को जबरन धर्मांतरण कराने आरोप लगा है। आरोप है कि जेपी विश टाउन और वाजिदपुर गांव के पास स्थित गुलशन मॉल के पास कुछ महिलाएं और युवतियां किशोरियों को दूसरे धर्म की पुस्तके पढ़ाने की कोशिश कर रही थीं।

आसपास के लोगों ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी सरिता मलिक के मुताबिक स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद युवतियों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल धर्मांतरण का मामला स्पष्ट नहीं है। पुलिस को दी शिकायत में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गुलशन मॉल और विश टाउन के आसपास समुदाय विशेष की महिलाएं और युवतियां सक्रिय हैं।

जो किशोरियों को रास्ते में रोक कर दूसरे धर्म की पुस्तके पढ़ा कर धर्मांतरण का प्रयास कर रही हैं। शनिवार को आरोपियों की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि धर्मांतरण का प्रयास करने वाली महिलाएं और युवतियां आंध्र प्रदेश, केरल, कोलकाता और तमिलनाडु की रहने वाली हैं।

## नोएडा में रेनीवेल पाइप लीक होने से धंसी सड़क

### करीब 7 फीट लंबा और 3 फीट गहरा हुआ गढ्ढा, जल्द रिपेयरिंग होगी शुरू

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-126 चौकी के सामने रैनीवेल की पाइप लाइन लीकेज होने से सड़क का एक बड़ा हिस्सा करीब 7 फीट लंबा और 3 फीट गहरा हिस्सा धंस गया। सड़क धंसते ही पानी भी बाहर आने लगार। ये सड़क नोएडा के सेक्टर-125 और 126 की तमाम आईटी कंपनियों को जोड़ती है। ऐसे में एक तरफ के यातायात को पूरी तरह बंद कर दिया गया। चौकी के आगे ट्रैफिक यातायात ने बोर्ड लगा दिया है। ताकि कोई हादसा न हो जाए। प्राधिकरण की टीम



मौके पर पहुंचकर मुआयना कर रही है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक जल खंड आरपी सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर सड़क धंसी है। ऐसा लग रहा है कि कई दिनों से यहां पाइप लीकेज था। जिससे पानी का रिसाव हो रहा था। जमीन कटान होने की वजह से सड़क धंस गई।

और मिट्टी पाइप लाइन पर गिरी। जिससे दबाव बढ़ा और पाइप लाइन फट गई। यहां गड्ढे में पानी भर गया है। लाइन को बंद करा दिया गया है। देर रात तक मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं सिविल विभाग सड़क बनाने का काम पूरा करेगा। बहरहाल सड़क धंसने से यहां का यातायात प्रभावित रहा। काफी देर तक स्थानीय लोगों ने ही सड़क धंसने के कारण वाहनों को दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहा।

इसके बाद यहां बोर्ड लगाकर सड़क को बंद किया गया। दरअसल ये एक तिराहा है जिस पर पीक आवर में हैवी यातायात रहता है।

ऐसे में रात भर में ही सड़क और पाइप लाइन दोनों का काम किया जाएगा। जिससे सोमवार तक सड़क को क्लियर करते हुए यातायात के लिए खोला जा सके।

## शार्ट न्यूज

### सगे भाई की हत्या करने वाला भाई गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम में गुरुवार को सगे भाई की हत्या करने वाला भाई गिरफ्तार हुआ है। हालांकि हत्या दो भाइयों ने की थी। एक भाई अभी भी फरार है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है की संपत्ति बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों ने बड़े भाई की हत्या की थी। हत्या गुरुवार को चाकू से गोदकर की गई थी। गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया की 02 मई को थाना नंदग्राम के हिंडन विहार कालोनी में 55 वर्ष के हाजी मूसा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इसको लेकर पुलिस ने कई टीम बनाई थी और लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश कर रही थी। इसी में एक आरोपी एहसान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है की हाजी मूसा पांच भाई हैं। इनका पुश्तैनी गांव गाजियाबाद के थाना भोजपुर के सैदपुर में है। गांव में इनका मकान और घेर है। जिसका अभी बटवारा नहीं हुआ है। एहसान और उसका छोटा भाई गुलजार अपने हिस्से को बेचना चाहते थे जिसके लिए उन्होंने बार-बार अपने सबसे बड़े भाई हाजी मूसा से हिस्सा बंटवारे की बात कही। लेकिन एहसान के मुताबिक हाजी मूसा हिस्सा बांटने को मना कर देता था। इसी को लेकर 2 मई की शाम को एक बार फिर गुलजार और एहसान जब हाजी मूसा के पास इस संबंध में बात करने आए तो हाजी मूसा ने बंटवारे से फिर मना कर दिया।

### गाजियाबाद में 5 शातिर ठग गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद की कौशांबी थाना पुलिस और साइबर टीम ने पांच ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो आम लोगों से बैंक खाता खुलवा कर उनके कागजात अपने पास रखते थे। दूसरे लोगो से जालसाजी से इन एकाउंट में पैसे मंगाया करते थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि कौशांबी थाना पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ लोग दिल्ली एनसीआर समेत गाजियाबाद में लोगों के कागजातों के जरिए बैंक खाता खुलवाकर उन बैंक में फर्जी तरीके से लोगों से ठगी कर लाखो रुपयों को मंगाया करते थे। उन बैंक खातों के एटीएम से ट्रांजैक्शन कर मोटी रकम विड्रॉल कर फरार हो जाया करते थे। अब तक यह सभी लगभग 10 करोड रुपए की ठगी कर चुके हैं। पकड़े गए आरोपियों के नाम आकाश त्यागी, मनोज कुमार, अमरेश कुमार सिंह, नमन जैन और नीतिश शर्मा है। पुलिस ने इनके पास से पुलिस ने सात मोहरे ,10 मोबाइल फोन ,एक टेब, 41 एटीएम, 5 चेक बुक ,4 वोटर आईडी कार्ड ,4 आधार कार्ड, 4 पैन कार्ड दो ड्राइविंग लाइसेंस और घटना में प्रयुक्त एक होंडा सिटी कार बरामद की है। यह लोग भोले भाले लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाकर उनके कागजात अपने पास रखते थे उसके बाद दूसरे जिले या राज्यों से सोशल मीडिया के जरिए लोगों से ठगी करके पैसे इन अकाउंटों में मंगाया करते थे और फिर इन अकाउंटों से वह पैसे निकाल लिया करते थे।

### टाटा स्टील के सेल्स हेड की लूट के बाद हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद में टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड की लूट के बाद हत्या कर दी गई। शव देर रात 3 बजे घर से 3 किलोमीटर दूर एक नाली में मिला। पेट और सीने पर गहरे कट के निशान थे। लैपटॉप, मोबाइल और पर्स गायब था। घटना शालीमार गार्डन क्षेत्र की है। बिजनेस हेड विनय त्यागी का 1 महीने पहले ही कोलकाता से दिल्ली ट्रांसफर हुआ था। वे परिवार के साथ साहिबाबाद के राजेंद्र नगर में रहते थे। मेट्रो से ऑफिस अप-डाउन करते थे। शुक्रवार रात भी वह मेट्रो से घर लौट रहे थे। 11.30 बजे उन्होंने पत्नी को फोन किया। बोले- 5 मिनट में पहुंच रहा हूं। लेकिन कुछ देर के बाद उनका फोन ऑफ हो गया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया, परिजन देर रात विनय त्यागी की तलाश कर रहे थे। तभी बीएसएनएल ऑफिस के सामने वह खून से लथपथ मिले। परिजन उनको लेकर नरेंद्र मोहन अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विनय के पास उनका कोई भी सामान नहीं था। इसलिए लूट और हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना के खुलासे के लिए कई टीमें लगा दी गई हैं।

### भट्ठा व्यापारी का अपहरण कर हत्या

मेरठ। गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र में योगेंद्र शर्मा नाम का युवक 1 तारीख को अपने दफ्तर से लापता हो गया था। योगेंद्र का शव मेरठ के थाना दौराला इलाके में खाली मैदान में गड़ा मिला है। पुलिस की छानबीन में अब तक सामने आया है की योगेंद्र को फिरौती के लिए किडनैप किया गया था लेकिन योगेंद्र द्वारा विरोध करने पर उसकी गला दबा के हत्या कर दी थी। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गाजियाबाद के थाना नंद ग्राम के गांव सिकरोड़ का रहने वाला देवेंद्र शर्मा भट्ठा कारोबारी है। जानकारी के अनुसार देवेंद्र के दो बेटी और एक बेटा योगेंद्र उर्फ गोलू है। देवेंद्र ने बताया कि उनका बेटा योगेंद्र सिकरोड रोड पर डीके ट्रेडर्स के नाम से ऑफ़िस चलाता था। एक अप्रैल को वह ऑफ़िस बंद कर घर के लिए निकला, लेकिन योगेंद्र घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी योगेंद्र का सुराग नहीं लगने पर परिजनों ने नंद ग्राम थाने पर गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। गुमशुदा की दर्ज होने के बाद पुलिस ने योगेंद्र की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने योगेंद्र के दोस्त विकास से पूछताछ की तो उसने पुलिस को गुमराह करते हुए बताया कि योगेंद्र उसके गैराज में बाइक खड़ी करके चला गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

### लॉयड कॉलेज और कैंटीन संचालक को नोटिस

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क स्थित लॉयड कॉलेज के हॉस्टल आर्यन रेजीडेंसी की कैंटीन में गंदगी और खराब भोजन मिलने पर खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को कॉलेज और कैंटीन संचालक को नोटिस जारी किया है। इसमें तत्काल व्यवस्था में सुधार करने के साथ ही जवाब मांगा है। साथ ही विभाग ने कॉलेज प्रबंधक को छात्र समिति बनाने को कहा है। समिति हर सप्ताह कॉलेज प्रबंधन को खाने की गुणवत्ता की रिपोर्ट देगी। वहीं, छात्रों को परोसी जा रही बिरयानी का नमूना जांच के लिए भेजा गया। दो दिन पहले पहले खाने में कीड़े मिलने पर छात्रों ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रबंधन के साथ खाद्य विभाग से की थी। शनिवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने हॉस्टल की कैंटीन का निरीक्षण किया। सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय अर्चना धीरान ने बताया कि कैंटीन में साफ-सफाई नहीं थी और अन्य मानक भी पूरे नहीं थे। वहीं, छात्रों ने खाने की गुणवत्ता खराब बताई। नॉलेज पार्क स्थित एक और कॉलेज के हॉस्टल के खाने में कीड़े मिले। छात्रों ने परिजनों से शिकायत की है। एक छात्र के पिता कृष्णानंद ने बताया कि सोमवार को हॉस्टल में बने आलू-राजमा की सब्जी में कॉकरोच और अन्य मरे कीड़े पाए गए। बेटे ने उसकी फोटो भी भेजी। शिकायत पर कॉलेज प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद खाद्य विभाग से शिकायत की। आरोप है कि हॉस्टल में खाने की गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है।

### 54 अपराधियों को जिलाबदर किया

गाजियाबाद। लूट, हत्या, चोरी, हत्या का प्रयास, डकैती, गौकशी समेत अन्य संगीत अपराध करने वाले 54 अपराधियों को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त की कोर्ट ने जिला बदर किया है। साथ ही 19 अपराधियों को स्थानीय थाने में हाजिरी के आदेश दिए हैं।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी. ने बताया कि अंकुर विहार के रहने वाले शहजाद, अलाउद्दीन, शादाब, महबूब अली उर्फ बिल्लू, तैय्यब, अरबाज, साहिबाबाद निवासी मुनाजिर, जीशान, टीलामोड़ के रहने वाले दीपक जाटव, नितिन उर्फ केजरीवाल, मसूरी निवासी अब्दुल रहमान, दानिश, आदिल उर्फ पीतल, जावेद, साजिद उर्फ नवाब, फिरोज उर्फ मिच्छड़, ताज मोहम्मद, अशरफ, नंदग्राम के रहने वाले अमन, बॉबी वर्मा, सुशांत, मुरादनगर निवासी कासिफ, फैसल, राजा उर्फ मजीद, फरमान, शहनवाज, कपिल उर्फ मोटा, दानिश उर्फ लम्बू, नरेश उर्फ भिक्कन, ट्रॉनिका सिटी के रहने वाले फईम, आबिद, केशू , प्रतीक कश्यप, सरताज खान, कृष्ण उर्फ किशन, भोजपुर निवासी अनवर, अंकित राठी, फईम, सतीश, लोनी निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र बंसल, राजू खान, यूसुफ, मोदीनगर निवासी अंकित, अंकुर, शगुन उर्फ देवांश, रिजवान, शंकर उर्फ विकास कुमार, निवाड़ी निवासी कपिल, प्रवीण उर्फ भूरू, सुमित उर्फ भोलू, लोनी बॉर्डर निवासी मोंटी उर्फ कुलदीप कसाना, विशाल उर्फ सोनू, विजय कुमार उर्फ डालू, वेव सिटी के रहने वाले नौशाद को जिला बदर किया गया है। जबकि 19 अपराधियों को स्थानीय थाने में हाजिरी लगाने के आदेश दिए गए हैं। वर्ष 2024 में अब तक 275 अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है।

# मैनपुरी में नहर में डूबे 4 दोस्त

## आसपास के लोगों ने एक को बचाया, तीन का नहीं चला पता, नहाते समय गहरे पानी में गए



मैनपुरी। मैनपुरी में नहर में नहाने गए चार दोस्त डूब गए। युवकों को डूबता देख उन्हें बचाने के लिए कुछ लोग नहर में कूद गए, जिन्होंने एक युवक को किसी तरह बाहर निकाल लिया। वहीं, तीन युवकों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस और गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी हुई है।

मामला किशनी थाना क्षेत्र में स्थित नगला रायहार नहर का है। सुबह करीब 11 बजे कस्बा कुसमरा के रहने वाले विष्णु पांडे (18) पुत्र बबलू पांडे, अंकित दीक्षित (19) पुत्र राधा दीक्षित, यश गुप्ता (18) पुत्र राजीव गुप्ता, गोलू गुप्ता (19) पुत्र अमित गुप्ता गर्मी से राहत पाने के लिए छोटी गंगा नहर गांव रायहार के पुल के नीचे नहा रहे थे।

नहाते हुए चारो गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और कुछ लोग बचाने के लिए नहर में कूद गए। लोगों ने किसी तरह गोलू गुप्ता को डूबने से बचा लिया, लेकिन विष्णु, अंकित, यश तेज बहाव के कारण गहरे पानी में डूब गए।

जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

### गोताखोर और फायर ब्रिगेड की टीम तलाश में लगी

पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर से तीनों युवकों को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन नहर के गहरे पानी में तीनों का कोई पता नहीं चल सका है।

गोताखोर उनकी तलाश में जुटे हुए हैं। थाना प्रभारी किशनी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नहर में चार युवकों के डूबने की सूचना मिली थी, जिसमें से एक युवक को बचा लिया गया है। तीन युवकों को स्थानीय गोताखोरों और फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से नहर में तलाश किया जा रहा है।

## फर्रुखाबाद : प्रेम प्रसंग में युवक की गोली मार कर हत्या

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के मामले में, मक्का की रखवाली कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और अज्ञात हत्यारे फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को प्रथम दृष्टया बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला बहादुर का निवासी सनोज (25) का प्रेम प्रसंग किसी लड़की के साथ चल रहा था। इसी प्रेम प्रसंग के दौरान शुक्रवार - शनिवार रात्रि में गांव से कुछ दूर पर मक्का के खेत की रखवाली कर रहे, सनोज की किन्हीं अज्ञात हत्यारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की तथा मतृक युवक के शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ भेज दिया ।

# बस्ती : युवक की गला रेतकर हत्या

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में मुंडेरवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात को एक युवक की अज्ञात द्वारा गला रेत कर हत्या कर दी गयी है।

शनिवार को पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवटी गांव निवासी हरिकांत (35) को शुक्रवार की देर रात अज्ञात द्वारा गला रेत कर खेत में फेंक दिया गया था किसी तरह घायल अवस्था में हरिकांत अपने घर पहुंचा, आनन फानन में परिजनों द्वारा इलाज के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता भास्कर की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा टीम गठित की गई है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स लगाई गई है।

पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि मृतक द्वारा कॉस्मेटिक की दुकान चलाया जा रहा था इतनी देर रात को खेत में जाने की, कोई तो वजह रही होगी खेत में मोबाइल टूटा हुआ पाया गया है जिसको कब्जे में ले लिया गया है।

कुछ लोगों द्वारा अवैध संबंध की बात कही जा रही है जिसकी जांच पड़ताल कराई जा रही है शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

# सफाईकर्मियों की मौत मामले में ठेकेदार गिरफ्तार

## डायरेक्टर और अन्य ठेकेदार की तलाश जारी, बिना सुरक्षा उपकरण सीवर में उतारा था

लखनऊ के वजीरगंज में सीवर सफाई के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी ठेकेदार को कृपा शंकर को गिरफ्तार किया। सफाईकर्मी के छोटे बेटे विनय सोबरन ने के.के स्पन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डारेक्टर हिमांशु गुप्ता, ठेकेदार के.एस पाण्डेय और कैलाश दीक्षित के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस कानपुर के स्वर्ण जयंती नगर के रहने वाले ठेकेदार कृपाशंकर पाण्डेय पुत्र गुलाब पाण्डेय को उसके पैतृक गांव बंजरिया थाना गोपालगंज, बिहार से सुबह 4 बजे गिरफ्तार किया। बाकी आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

1 मई दोपहर 3 बजे के करीब वजीरगंज इलाके में सीवर सफाई के दौरान कमलापुर, जनपद सीतापुर के रहने वाले सोबरन लाल (57) पुत्र परमेश्वर दीन और सुशील कुमार (30) पुत्र सोबरन लाल की सीवर में दम घुटने से मौत हो गई थी। सफाई कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतारा गया था। सीवर में गैस बन जाने की वजह से दोनों का दम घुट गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे।

### जल निगम के जेई पर भी हुई कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का सही तरीके से पालन नहीं कराने से संविदा पर कार्यरत दो कर्मचारियों की जान गई है। पिता-पुत्र की मौत के बाद विभाग ने 2 जेई को सस्पेंड कर दिया है। मौत के लिए जिम्मेदार जल निगम के जेई मोनिश और गुडलक वर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के खिलाफ जाकर काम किया

सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 में सीवर सफाई को लेकर नए सिरे से गाइड लाइन दिया था। उसमें साफ लिखा था कि अगर किसी मजबूरी में सफाई कर्मचारी सीवर में उतरता है तो उस दौरान सभी मानक का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# मुजफ्फरनगर में शादी का झांसा देकर एलएलबी छात्रा से रेप

## कुवैत फरार होने की फिराक में था आरोपी, पीड़िता के फोटो-वीडियो पोस्ट किए थे

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में शादी का झांसा देकर एक युवक ने एलएलबी की छात्रा से ढाई साल में कई बार दुष्कर्म किया। रुपयों की डिमांड पूरी न होने पर अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित जिला हरिद्वार का रहने वाला है। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महावीर सिंह चौहान ने बताया, क्षेत्र निवासी एलएलबी अंतिम वर्ष की छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए

आरोप था कि हरिद्वार के कोटवाल आलमपुर गांव के रहने वाला नदीम पुत्र मजबूल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। नदीम ने उससे पैसों की डिमांड की। जिन्हें वह पूरी न कर सकी। उससे नाराज होकर उसने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### पीड़िता से 84 हजार रुपये की मांग की

आरोपित से पूछताछ के बाद शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता आरोपित की रिश्तेदार है। दोनों की मुलाकात ढाई साल पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर में हुई थी। आरोपित शादी का झांसा देकर पीड़िता को होटल में ले जाने लगा और उससे शारीरिक संबंध बना लिए। आरोपित ने पीड़िता से 84 हजार रुपये की मांग की थी। पुलिस के अनुसार जब नदीम को गिरफ्तार किया गया तब वह कुवैत फरार होने की तैयारी कर रहा था।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जालौन। जालौन में शनिवार सुबह टहलने के लिए गया एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी कटकर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली घर में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने मामले की जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चंदौली पुलिस ने दो पिकअप को पकड़ा

चंदौली। चंदौली के अलीनगर थाने की पुलिस टीम, स्वाट, सर्विलांस तथा सचल दल के लोगों ने जांच के दौरान पचफेड़वा के समीप हाईवे पर दो पिकअप वाहनों को जब्त किया। दोनों वाहनों से पुलिस ने लगभग 8.70 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद हुई।

इस दौरान टीम ने मौके से 6 शराब तस्करों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि शराब की खेप को हरियाणा से लेकर बिहार प्रांत जाने वाले थे। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने तस्करों की गिरफ्तारी और बरामदगी का खुलासा किया।

आपको बता दें कि संचल दल प्रभारी रमेश कुमार सिंह, अलीनगर थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय के साथ पचफेड़वा के समीप हाईवे पर वाहनों की जांच में जुटे थे। इसी बीच पुलिस टीम को सूचना मिली कि दो पिकअप वाहनों में अवैध शराब लेकर कुछ तस्कर बिहार प्रांत की ओर जाने वाले हैं।

ऐसे में सर्विलांस, स्वाट की सहयोग से पुलिस टीम वाहनों की जांच में जुट गई। इसी बीच पुलिस टीम ने जांच के लिए दो पिकअप वाहन को रोक लिया। जिसके अंदर से फिनायल के ड्रम तथा कार्ड बोर्ड नीचे छुपाकर रखी गई बड़े पैमाने पर शराब बरामद हुई।

# गोरखपुर में गैंगरेप के आरोपी को एनकाउंटर में लगी गोली

## आजमगढ़ की युवती को लाकर की थी दरिंदगी, न्यूड हालत में गांव में छोड़कर भागे थे

गोरखपुर। गोरखपुर पुलिस की शनिवार की सुबह गैंगरेप के आरोपी से मुठभेड़ हो गई। आरोपी पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहा था। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। जिसके बाद सहजनवा पुलिस और स्वॉट की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल बदमाश आजमगढ़ से एक युवती को नौकरी लगवाने का झांसा देकर गोरखपुर लाया था। फिर यहां लाकर उसने अपने साथी संग मिलकर युवती संग दरिंदगी की।



पकड़े गए आरोपी की पहचान संतकबीरनगर के खलीलाबाद के रहने वाले आरोपी मोहम्मद ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हसन के रुप में हुई। आरोपी खलीलाबाद थाना का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। वहीं, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने युवती के साथ अकेले नहीं बल्कि अपने एक साथी के साथ मिलकर गैंगरेप किया था। जिसके बाद पुलिस इस मामले दूसरे आरोपी का नाम शामिल करते हुए गैंगरेप की धारा भी बढ़ा दी।

### दूसरे आरोपी की तलाश जारी

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, सहजनवा इलाके में हुए गैंगरेप का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। मुख्य आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया। जबकि, उसके फरार साथी की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया जाएगा।

### घर से नाराज होकर निकली थी युवती

एसएसपी ने बताया, गुरुवार की रात आजमगढ़ की रहने वाली एक युवती गुरुवार की रात अपने घर से नाराज होकर निकली थी। वह बांदा में अपनी बहन के घर जाने के लिए आजमगढ़ बस स्टेशन पहुंची। जहां बस में बैठते ही बस के कंडक्टर को उसपर शक हुआ कि युवती घर से भागने की तैयारी में है। इतने में कंडक्टर ने युवती से उसके घर का नंबर लेकर पिता को फोन कर दिया।

# प्रयागराज में किडनैपर से मुठभेड़, 2 घायल

प्रयागराज। प्रयागराज में एक दुकानदार का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले साजिशकर्ता को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया। गंगापार के थरवई इलाके में शुक्रवार आधी रात के बाद चेकिंग के दौरान कार सवार 3 बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती की टीम ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। अपहरण और हत्या में शामिल बदमाशों में अजय पटेल और दिलीप पटेल के पैर में गोली लगी। जबकि बदमाश विकास को पुलिस ने असलहों के साथ पकड़ लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस को अपहरण में इस्तेमाल कार, असलहे मिले हैं। अपहरण और हत्या का यह मामला करीब 40 लाख कीमत की जमीन के विवाद को लेकर हुआ। बदमाशों ने सोचा की हत्या के बाद उन्हें पूरी जमीन और रुपए हासिल हो जाएंगे। गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र के टिकरी इस्माइलगंज गांव के रहने वाले 32 साल के लालमणि पटेल शुक्रवार को गांव की एक बारात में शामिल होने गारापुर सकरा गांव गए थे।

# शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य हेतु सक्रिय सहभागिता जरूरी : एडीएम

ललितपुर। लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान के कम प्रतिशत को देखते हुए ललितपुर जिला प्रशासन की ओर से अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। उसी की श्रृंखला में आज रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय ललितपुर में अपर जिलाधिकारी श्री अंकुर श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश के विशिष्ट आतिथ्य में तथा नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा प्राचार्य प्रो.(डॉ.) केशव देव की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा विभाग की एक विशेष मीटिंग आयोजित की गई जिसमें जनपद के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं वहां स्थापित कंट्रोल रूम प्रभारी उपस्थित रहे।

उपस्थित विद्वत जनों को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि हमें इस लक्ष्य को छोटे-छोटे समूह में बांटकर प्राप्त करना है जिसके लिए हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। तभी शासन की मंशानुरूप अधिकतम मतदान के प्रतिशत को ललितपुर में पुन: प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि पिछले विधानसभा चुनाव में अधिकतम मतदान में महरौनी विधानसभा क्षेत्र प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा था। उन्होंने कहा कि एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी कंट्रोल रूम प्रभारी को उसमें जोड़ा जाएगा तथा जनपद स्तर से सतत् निरीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि व जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने महाविद्यालयों के प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा की हर महाविद्यालय प्रति 50 छात्रों पर एक सहायक की नियुक्ति करेगा जो सभी छात्रों को फोन कर उन्हें व उनके परिवार के सभी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करेगा तथा मतदान दिवस 20 मई को पुन: पूछेगा कि उन्होंने मतदान कर दिया है या नहीं। इस प्रकार छोटे छोटे प्रयासों से ही इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केशव देव ने सभी का आभार व्यक्त किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. बारीष द्विवेदी ने किया।

## ट्रेन की चपेट में आकर सिपाही की मौत

अलीगढ़। अलीगढ़ के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक सिपाही की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। वह मीनाक्षी पुलिस के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था और इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर के कारण उसके परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ, जीआरपी और सिविल लाइंस पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सिपाही का शव वर्दी में था, जिसके बाद पुलिस ने शव की जांच शुरू की। जिसमें उसका आईकार्ड, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मिले, जिससे उसकी पहचान हो सकी। मूल रूप से बागपत का रहने वाला शिवम राणा (25) पुत्र प्रेम सिंह वर्तमान में अलीगढ़ में तैनात था। उसकी पोस्टिंग गांधीपार्क थाने में थी। शुक्रवार शाम को वह थाने से दवाई लाने की बात कहकर निकला था और मीनाक्षी पुल की ओर गया था। जिसके बाद वह वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह मीनाक्षी पुल के नीचे ट्रेन की चपेट में आ गया।

# जनपद में शान्तिपूर्ण मतदान हेतु गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें : सामान्य प्रेक्षक

ललितपुर। प्रत्येक दशा में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करायें। प्रशिक्षण में कार्मिकों को ईवीएम के रखरखाव एवं प्रबंधन संबंधी सटीक जानकारी दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर/अफवाहों पर सतत निगरानी करने के निर्देश। अवैध शराब की बिक्री को प्रतिबंधित कर उनके ठिकानों पर दबिश दें। अवैध कैश जब्तीकरण की कार्यवाही करें, क्षेत्र में एफएसटी, एसएसटी को सक्रिय करें। सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन तैयारी की समीक्षा हेतु नोडल/ सहायक नोडल/ आरओ/ एआरओ अधिकारियों के साथ बैठक की लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 46-झांसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 सामान्य प्रेक्षक श्री बालाजी दिगम्बर मंजुले (आईएएस), मा0 व्यय प्रेक्षक श्री बसंत कुमार (आईआरएस) की उपस्थिति में एवं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी



की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा हेतु बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निर्वाचन सम्बंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए मा0 प्रेक्षक गणो ने प्रसन्नता प्रकट की एवं सभी नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनके दायित्वों की जानकारी ली, उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत पूरी गंभीरतापूर्वक अपने पाने दायित्वों का निर्वहन करें, आदर्श आचार संहिता का प्रत्येक दशा में पालन सुनिश्चित होना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेक न्यूज, भ्रामक एवं भड़काऊ खबरों पर विशेष निगरानी की जरूरत है, साथ ही जनपद के वल्नरेवल बूथों की बारीक नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को सुचितापूर्ण संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में कार्मिकों को मतदान के समय ईवीएम के रखरखाव एवं प्रबंधन संबंधी सभी महत्वपूर्ण बातों की सटीक जानकारी प्रदान की जाए।

# शार्ट न्यूज

## चोरी के माल सहित वांछित गिरफ्तार



ललितपुर। तालबेहट, पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम जुर्म जरायम व तलाश वांछित अपराधी हेतु निरीक्षक हरिशंकर मय हमराह पुलिस बल के अंदर इलाका थाना क्षेत्र में मामूर थे कि तीन चार दिन पहले जिन लोगों ने टेन्ट की दुकान से धोखाधडी करके जनरेटर व सामान भगोने आदि चोरी करके ले गये हैं वह एक लोडर में पवा जैन मंदिर जाने वाले लिंक रोड पर ग्राम मनेरा के पहले खडे हैं अगर जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है इस सूचना पर जितेन्द्र कुमार पुत्र मेहरवान निवासी पाल कालोनी सिमरदा थाना सीपरी बाजार जनपद झांसी को समय करीब 07.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को मु0अ0सं0 142/24 धारा 379/411/420/467/468 भादवि में गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## 10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

अलीगढ़। अलीगढ़ के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जमालपुर में रहने वाली एक 10वीं की 14 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पढ़ाई के कारण पिछले काफी समय से तनाव में चल रही थी और पिछले कुछ दिनों से सभी से कटी-कटी रह रही थी। उसने अपने कमरे में ही फांसी लगा ली। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और उसे लेकर जेएन मेडिकल कालेज पहुंचे। लेकिन शुक्रवार को डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है। अलीगढ़ के सिविल लाइंस क्षेत्र जमालपुर निवासी मृतका के पिता एएमयू में कर्मचारी हैं और सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी बेटी रामघाट रोड स्थित अवर लेडी फातिमा (हस्न) स्कूल की छात्रा है और इसी साल 9वीं कक्षा उत्तीर्ण करके 10वीं में आई थी। परिजनों ने बताया कि वह पढ़ाई में थोड़ी सी कमजोर थी, जिसके कारण स्कूल में उसे घर पर रहकर ही पढ़ाई करने को कह दिया गया था। बीते दिनों वह क्लास में किसी सहपाठी से बात कर रही थी तो उसे प्रधानाचार्या ने डांटा था और स्कूल से निकालने की बात भी कह दी थी।

## सपा-बसपा समर्थक आमने-सामने, की नारेबाजी

प्रयागराज। इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर 6ठवें चरण में 25 मई को मतदान होना है। यहां आज शनिवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन को लेकर गहमा-गहमी रही। आज सपा, बसपा समेत कई अन्य दलों के साथ साथ कई निर्दल प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य और बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल एक साथ समर्थकों के साथ नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंच गए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में दोनों प्रत्याशियों के समर्थक नारेबाजी करने लगे। एक तरफ अखिलेश यादव जिंदाबाद तो दूसरी तरफ मायावती के नारे लगाए जा रहे थे। बसपाई तो ढोल नगाड़ों के साथ यहां पहुंचे थे और सड़क पर नाचते रहे। वहीं इलाहाबाद से बसपा प्रत्याशी रमेश सिंह पटेल ने भी नामांकन किया। इसके अलावा कई अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया। दरअसल, 6 मई तक नामांकन होना है और कल रविवार होने के कारण नामांकन की प्रक्रिया बंद रहेगी, इसलिए नामांकन करने में महज दो दिनों का समय बचा है। आज ज्यादा भीड़ होने की संभावना को देखते हुए नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन करने का समय निर्धारित किया गया है।लय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## जालौन में 5 प्रत्याशियों के पर्चे रद्द

**जालौन।** जालौन में पांचवें चरण में होने वाले मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। इन नामांकन पत्रों में कमियां मिलने पर पांच प्रत्याशियों के पर्चे खारिज कर दिए गए। जिसमें तीन निर्दलीय उम्मीदवार, जबकि एक अलहिंद पार्टी और दूसरा राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज हुआ है। वहीं समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी सहित दो निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए। 11 प्रत्याशियों में 6 ही उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को विद्यमान स्वीकार किया गया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट में बने नामांकन कक्ष के रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार पांडेय, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संजय सिंह और सुरेश पाल ने 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की। इन नामांकन पत्रों में समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नागेंद्र कुमार, निर्दलीय उम्मीदवार प्रेमलता वर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन के नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए गए।

## स्कूल परिसर में सिर कूचकर युवक की हत्या

जखनियाँ, गाजीपुर। गाजीपुर के भूडकुड़ा कोतवाली के राम बन आंखड़ा के सूखे हुए 40 फुट गहरे कुएं में एक युवक की सिरकुंची लाश मिलने से हड़कंप मच गया। युवक की पहचान शिवरामपुर गांव निवासी विशाल यादव (22) पुत्र पारस यादव के रूप में हुई है। आज सुबह बकरी चराने गई महिलाओं ने खून के धब्बे को देखा, जिससे मालूम हुआ कि लाश को घसीटते हुए कुएं में डाला गया है। वहीं सूचना पर खोजबीन कर रहे परिजन पहुंचकर दहाड़े मारकर बिलखने लगे। जिसके बाद कोतवाली तारावती पुलिस ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे शव को कुएं से बाहर निकालकर परिजनों और भीड़ को संभालते हुए उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। मृतक विशाल दो भाइयों में बड़ा था। जो शुक्रवार की देर शाम भुड़कुड़ा बाजार से घर की आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर घर पहुंचा। लगभग 9:00 बजे घर के बगल में ही बच्चों द्वारा बाटी चोखा बनाया जा रहा था, इसी दौरान विशाल पहुंचा और खाने का जिक्र किया। तभी उसने कहा कि अभी शौच करके आते हैं। उसी दौरान किसी का फोन आया और फोन पर बात करते हुए दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचा। इसी दौरान प्राथमिक विद्यालय पर विशाल की निर्मम तरीके से हत्या करने की बात परिजनों द्वारा कही जा रही है।

## 9.8 लाख ठगने वाली महिला अरेस्ट

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में मंसुरपुर थाना पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवक से 9.84 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला को अरेस्ट कर लिया। रुपया लेकर महिला ने नौकरी नहीं लगवाई थी। युवक ने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे धमकियां दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। जबकि उसकी मां और बहन फरार हैं। जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने दबिश दी है। मंसूरपुर के गांव खानूपुर शुगर मिल क्षेत्र निवासी हिमांशु पुत्र अमर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि मुजफ्फरनगर में नई मंडी थाना क्षेत्र में वार्ड-35 की गली नबंर-2 शिवनगर निवासी महिला खुशी चौधरी पुत्री बबलू, उसकी मां सुशीला और बहन प्रिया ने विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। पीड़ित को मलेशिया के माल में बिलिंग काउंटर पर नौकरी का लालच दिया। साथ ही कहा कि उसके पास अमेरिका की नागरिकता है। वह वहीं से भारत आएगी। नौकरी के साथ कंपनी में ही रहने आदि की व्यवस्था बताई थी। इसका झांसा देकर तीनों आरोपियों ने मिलकर उससे 9.84 लाख रुपये की ठगी कर ली। मलेशिया पहुंचने के बाद उसे काम के बाद भुगतान नहीं मिला। इसके बाद मामले का पर्दाफाश हुआ। इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी खुशी चौधरी को दिल्ली के एयरपोर्ट के निकट होटल से गिरफ्तार किया है।

## अमेरिकन एयर फोर्स के एआई संचालित एफ-16 लड़ाकू जेट ने भरी उड़ान



वाशिंगटन। अमेरिका की वायुसेना ने एक एआई संचालित प्रायोगिक एफ-16 लड़ाकू जेट को उड़ाने में सफलता हासिल कर ली है। इस जेट की खासीयत यह है कि इसे मानव पायलट द्वारा नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा नियंत्रित किया गया। उड़ान भरे विमान में देश की वायुसेना के सचिव फ्रैंक केंडल सवार थे। इसे एआई सैन्य विमानन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धी माना जा रहा है। यह अलग बात है कि इसकी प्रौद्योगिकी पूरी तरह से विकसित नहीं हुई है, लेकिन अमेरिकी वायुसेना ने साल 2028 तक एआई संचालित 1,000 से अधिक मानवरहित युद्धक विमानों को संचालित करने का लक्ष्य रख कार्य शुरु कर दिया है। जानकारी अनुसार प्रायोगिक एफ-16 लड़ाकू जेट ने एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस से उड़ान भरी। इसमें सवाल फ्रैंक केंडल ने भविष्य के हवाई युद्ध में एआई संचालित युद्धक विमानों की भूमिका को बरीकी से जांचने के लिए ही विमान में उड़ान भरी थी। दरअसल केंडल ने उड़ान पूरी करने के बाद कहा, कि इसे सेवा में न रखना एक सुरक्षा जोखिम है, इसलिए यह हमें जरूर मिलना चाहिए। एआई-नियंत्रित एफ-16 को 'विस्टा' नाम दिया गया। बताया गया है कि इस विमान ने 550 मील प्रति घंटे से भी अधिक की गति से उड़ान भरी थी, जो कि सफल रही।

## गाजा के पुनर्निर्माण में 40 अरब डॉलर का अनुमानित खर्च आएगा : संयुक्त राष्ट्र

अम्मान। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने बताया कि युद्धग्रस्त गाजा के पुनर्निर्माण में अनुमानित 30 अरब डॉलर से 40 अरब डॉलर (2.5 से 3.5 अरब रुपये) की लागत आएगी। रिपोर्ट में बताया गया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह पहली बार होगा जब इतने बड़े पैमाने पर कोशिश होगी। संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव अब्दुल्ला अल-दारदारी ने कहा, गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का प्रारंभिक अनुमान 30 अरब डॉलर से 40 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। दारदारी ने कहा, विनाश का पैमाना बहुत बड़ा और अभूतपूर्व हैज यह एक ऐसा मिशन है जिसे वैश्विक समुदाय ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से नहीं निपटाया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा का पुनर्निर्माण सामान्य प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, तब इसमें दशकों लग सकते हैं, और फिलिस्तीनी लोगों के पास दशकों तक इंतजार करने की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि बमबारी और विस्फोटों से पैदा मलबा कुल अनुमानतः 37 मिलियन टन होगा। उन्होंने कहा, 'हम एक विशाल आंकड़े के बारे में बात कर रहे हैं और यह आंकड़ा हर दिन बढ़ रहा है। नवीनतम आंकड़ों से संकेत मिलता है कि यह पहले से ही 40 मिलियन टन के करीब पहुंच रहा है। दारदारी ने कहा कि सभी आवासीय भवनों में से 72 प्रतिशत पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि, हमें पता नहीं है कि युद्ध समाप्त होगा भी या नहीं। गाजा पट्टी में युद्ध के बाद किस प्रकार की सरकार बनेगी उसके ऊपर निर्भर रहेगी।

## कोरल गैबल्स की संपत्ति में हो रहा तेजी से इजाफा, अमीरी के मामले में न्यूयॉर्क और कैलीफोर्निया को पीछे छोड़ा



न्यूयॉर्क। अमेरिका में कोरल गैबल्स फ्लोरीडा का मियामी के दक्षिण-पश्चिम का इलाका है जहां की आबादी करीब 50 हजार के लगभग है। लेकिन हाल के समय में इस इलाके की सम्पत्ति में तेजी से इजाफा हुआ जिसने अमीर पड़ोस होने के मामले में न्यूयॉर्क और कैलीफोर्निया तक को पीछे छोड़ दिया है। हाल ही में इसने कैलिफ़ोर्निया और न्यूयॉर्क के क्षेत्रों के इलाकों को पछाड़ा है। नए जिलो डेटा के अनुसार, कोरल गैबल्स का आलीशान मियामी-क्षेत्र अब इस समूह में सबसे आगे है, जहां अमीर गैबल्स एस्टेट में औसत संपत्ति 1.914 करोड़ डॉलर यानी 15 करोड़ 98 लाख रुपयों की हो गई है। कोरल गैबल्स ने जिन समृद्ध क्षेत्रों में पीछे छोड़ा है उनमें से एक कैलिफ़ोर्निया का जाने माने बेवर्ली हिल्स की सम्पत्ति भी शामिल है।अब अमेरिका के दस सबसे महंगे इलाकों में से सात फ्लोरिडा में हैं, जबकि कैलिफोर्निया में अन्य तीन हैं। मार्च 2020 में पहली महामारी के बंद होने से ठीक पहले, दस सबसे महंगी जगहों में छह कैलिफ़ोर्निया ने में थे। न्यूयॉर्क शहर ने नाम दो थे। लेकिन अब ऐसा लगता है कि सनशाइन स्टेट की ओर पलायन हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस नए रुझान को फैरेल, एलेक्स रोड्रिग्ज और मार्क एंथोनी सहित क्षेत्र में निवास करने वाली विशाल ए-सूची सेलिब्रेटीज की मदद मिली है। बर्कशायर हैथवे होमसर्विसेज ईडब्ल्यूएम रियल्टी के अध्यक्ष और सीईओ रॉन शफील्ड ने कहा, कोविड खरीदारों के इस पूरे नए समूह को लाया है, जिन्हें एहसास हुआ कि वे जहां भी रहना चाहते हैं, रह सकते हैं। शफील्ड का कहना है कि फ्लोरिडा राज्य ने जिस तरह से कोविड को संभाला, वह दुनिया को एक संदेश था कि यह एक व्यापार अनुकूल राज्य हैं। वह आज भी जारी है। मियामी हेराल्ड के अनुसार, स्पैनिश ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के सीईओ राउल अलारकोन ने हाल ही में अपनी भव्य हवेली को 7 करोड़ डॉलर 5 करोड़ 43 लाख रुपयों में सूचीबद्ध किया है। फ्लोरिडा में एकल-परिवार वाले घर की बिक्री 2021 में 814 से घटकर 2022 में 425 और फिर 2023 में सिर्फ 357 रह गई।

## जापान में है 700 साल पुराना तलाक मंदिर, मंदिर जापान के कामाकुरा शहर में है स्थित

टोक्यो। हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे तलाक मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर का नाम मात्सुगाओका टोकेई-जी है। यह जापान में स्थित है। 12वीं और 13वीं शताब्दी के दौरान जापानी समाज में केवल पुरुषों के लिए ही तलाक की व्यवस्था थी।

उन दिनों पुरुष अपनी पत्नियों को बहुत आसानी से तलाक दे सकते थे, लेकिन इस मंदिर के दरवाजे उन महिलाओं के लिए खुले थे जो घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार की शिकार थीं। तलाक मंदिर थोड़ा अजीब जरूर लगता है, लेकिन इसके पीछे भी एक कहानी है। लोगों की मानें तो टोकई-जी का इतिहास करीब 700 साल पुराना है। यह मंदिर जापान के कामाकुरा शहर में स्थित है। यह मंदिर घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं का घर माना जाता है। कहा जाता है कि सदियों पहले महिलाएं अपने अत्याचारी पतियों से छुटकारा पाने के लिए इस मंदिर में शरण लेती थीं। बता दें कि इस मंदिर का निर्माण काकुसन नाम की नन ने अपने पति होजो टोकिमुन के साथ मिलकर करवाया था। वह न तो अपने पति से खुश थी और न ही उसके पास तलाक लेने का कोई रास्ता था। जापान में कामाकुरा युग के दौरान, महिलाओं के पति बिना कोई कारण बताए अपनी शादी तोड़ सकते थे। इसके लिए उन्हें साढ़े तीन लाइन का नोटिस लिखना पड़ा। लोगों के श्रद्ध इस मंदिर में महिलाएं करीब तीन साल तक रहकर अपने पति को तलाक दे सकती थीं। बाद में इसे घटाकर दो साल कर दिया गया। वर्ष 1902 तक मंदिर में पुरुषों का प्रवेश सख्त वर्जित था। लेकिन इसके बाद, जब 1902 में एंगाकु-जी ने मंदिर पर कब्जा कर लिया, तो उन्होंने एक पुरुष मठाधीश को नियुक्त किया। बता दें कि दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जो अपने अजीब इतिहास के लिए जानी जाती हैं। भारत में ही आपको ऐसी कई जगहें मिल जाएंगी।





पर्यावरण अभियानकर्ता लंदन, ब्रिटेन में उच्च न्यायालय के बाहर तख्तियां लेकर खड़े हुए। लंदन के उच्च न्यायालय ने फ्रेंड्स ऑफ द अर्थ, क्लाइंटअर्थ और गुड लॉ द्वारा लाई गई कानूनी चुनौती में फैसला सुनाया है कि ब्रिटेन की नवीनतम जलवायु कार्रवाई योजना गैरकानूनी है।

## संघर्ष विराम के लिए तुर्की ने इजरायल पर शिकंजा कसा



इस्तांबुल। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग को रोकने के लिए कई देश प्रयास कर चुके हैं। कुछ ने अपने स्तर पर इजरायल पर शिकंजा भी भी कसा। तुर्की शांति के लिए इजराइल के खिलाफ कुछ फैसले लिए हैं। तुर्की व्यापार मंत्रालय के अनुसार, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायली हमले के कारण तुर्की ने गुरुवार को इजरायल के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियां रोक दीं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा है कि इजरायल के साथ व्यापार निलंबित करने के तुर्की के फैसले का एक ही मकसद था। इजरायल सरकार को गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मजबूर करना। उन्होंने शुक्रवार को इस्तांबुल में इंडिपेंडेंट इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड बिजनेसमैन एसोसिएशन के निदेशक मंडल के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि सरकार इस बात पर व्यापारिक समुदाय के साथ विचार करेगी कि इजरायल के साथ व्यापार रोकने का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ेगा।

# भारत की ए1 डिप्लोमेसी का एक और नजारा, ईरान की कैद से 17 भारतीयों को मिली आजादी, दुनिया हैरान!

**ओटावा (एजेंसी)।** एक बार फिर भारत ने बड़ी जीत अपने नाम की है। भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी पक्की कर ली है। अरब सागर में मौजूद वो जहाज जिसे ईरान ने अपने कब्जे में लिया था उस पर 17 हिंदुस्तानी सवार थे। अब खबर आई है कि सभी के सभी भारतीयों को अब ईरान ने आजाद कर दिया है। लंबे संघर्ष और बातचीत के कई दौर के बाद पूरे 17 भारतीय नागरिकों की रिहाई पक्की हो गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से लगातार ईरान के साथ संपर्क साधा गया था। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुद अपने समकक्ष ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन के साथ कई बार फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में शिप पर सवार भारतीयों की सुरक्षा को लेकर जानकारी हासिल की गई। उनकी रिहाई को लेकर ईरान से बात भी की थी।



ईरान ने कहा है कि उसने पुर्तगाली ध्वज वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज़ के सभी चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है, जिसके 25 चालक दल में से 17 भारतीय थे। रानी रीडआउट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन ने अपने एस्टोनियाई समकक्ष मार्गस त्साहकना के साथ फोन पर बातचीत के दौरान जहाज के चालक दल की रिहाई का उल्लेख किया। इजरायल से जुड़े कंटेनर जहाज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को 13 अप्रैल को ईरान की सेना द्वारा टैंकर को जब्त करने के कुछ दिनों बाद रिहा कर दिया गया था। ईरान के इस्लामी गणराज्य के क्षेत्रीय जल में जब्त किए गए पुर्तगाली जहाज और एस्टोनियाई चालक दल की रिहाई के संबंध में एस्टोनियाई पक्ष के अनुरोध के जवाब में अमीरबदोल्लाहियन ने कहा कि जहाज ने ईरान के जल क्षेत्र में अपने रडार को बंद कर दिया था और नेविगेशन की सुरक्षा को खतरे में डाला। जिसके बाद न्यायिक नियमों के तहत हिरासत में लिया गया है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि ईरान ने मानवीय आधार पर पहले ही जहाज के सभी चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है, और यदि जहाज के कप्तान उनके साथ जाते हैं, तो एस्टोनियाई सहित चालक दल अपने देश लौट सकते हैं। ईरानी सेना द्वारा जहाज को जब्त करने के कुछ घंटों बाद, व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा था कि जहाज के चालक दल में भारतीय, फिलिपिनो, पाकिस्तानी, रूसी और एस्टोनियाई नागरिक शामिल थे।

## अमेरिका में फलस्तीन का समर्थन करने वाले ढाई हजार छात्र गिरफ्तार



**लास एंजिलिस (एजेंसी)।** अमेरिका में फलस्तीनियों के समर्थन में तमाम शैक्षणिक संस्थाओं में धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। जिसको लेकर कहा जा रहा है कि अमेरिका इन आंदोलनकारियों की आवाज दबाकर आंदोलन को कुचलने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार सुबह न्यूयार्क विश्वविद्यालय में पहुंची पुलिस ने वहां चल रहे फलस्तीन समर्थक धरने को खत्म करा दिया और एक दर्जन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। न्यूयार्क के न्यू पॉज स्थित स्टेट यूनिवर्सिटी में भी 133 लोगों को गिरफ्तार किए जाने की सूचना है। इस प्रकार से गिरफ्तार छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 2,500 से ज्यादा हो गई है।

पुलिस ने 40 स्थानों से आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है। ये आंदोलनकारी इजरायल के साथ कारोबार करने वाली कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान भी कर रहे हैं। इन आंदोलनों पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिका में विरोध प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन अराजकता फैलाने, हिंसा करने और सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लॉस एंजिलिस पुलिस ने बताया है कि गुरुवार को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से 210 लोग गिरफ्तार किए गए और अन्य संस्थाओं में कार्रवाई कर सैकड़ों और गिरफ्तार किए गए। बीते दो हफ्तों में अमेरिका के ज्यादातर विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में गाजा में इजरायली हमले के विरोध में आंदोलन हुए हैं और दर्जनों स्थानों पर धरने दिए गए हैं। ओरेगोन के पोर्टलैंड विश्वविद्यालय में भी पुलिस ने वहां से बेरिकेडिंग हटाई है और वहां धरना दे रहे छात्रों को हटाया है। न्यू हैंपशायर के डार्टमुथ विश्वविद्यालय में पुलिस ने कार्रवाई कर 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। फलस्तीनियों के समर्थन में आंदोलन के चलते अमेरिकी शिक्षण संस्थाओं में पढ़ाई और अन्य गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसके चलते प्रशासन को कई पूर्व नियोजित कार्यक्रम रद करने पड़े हैं। इससे पहले कोलंबिया विश्वविद्यालय में दंगा निरोधी पुलिस ने कार्रवाई कर छात्रों के कब्जे से आइवी स्कूल भवन को मुक्त कराया था। उस दिन पुलिस ने विश्वविद्यालय परिसर में फायरिंग भी की थी लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। गुरुवार-शुक्रवार को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के साथ ही कई अन्य शिक्षण संस्थाओं में पुलिस ने बल प्रयोग कर आंदोलनकारी छात्रों के धरने हटाए और उन्हें गिरफ्तार किया।

## निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए

ओटावा। पिछले साल कनाडा के के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच काफी तनाव आ गया था। बाद में भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। अब कनाडा पुलिस ने निज्जर की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अदालत के दस्तावेजों से पता चलता है कि निज्जर की हत्या के मामले में करणप्रीत सिंह (28), कमलप्रीत सिंह (22) और करण बराड़ (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप है। निज्जर (45 वर्षीय) को 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी। वह कनाडा का नागरिक था। रॉयल कैनेडियन माउंटेन पुलिस ने इन संदिग्धों की तस्वीर भी जारी की है। जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार ने इन लोगों को निज्जर की हत्या का काम सौंपा था।

## इंग्लैंड में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार...सुनक पर चुनाव करने का दबाव

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड में स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार हुई है। इसके बाद ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से आम चुनाव कराने का आग्रह किया। टोरीज ने जिन सीटों पर चुनाव लड़ा उसमें से लगभग आधी सीटें हार गईं। इसके विपरीत, लेबर ने उन परिषदों में जीत हासिल की जो पार्टी के पास दशकों से नहीं थीं। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि यहां ब्लैकपूल से एक तरह का संदेश सीधे प्रधानमंत्री सुनक को दिया गया है। स्टार्मर ने कहा कि यह सीधे तौर पर सुनक को कहा गया कि हम आपके डाउनफॉल, आपकी अराजकता और आपके विभाजन की नीतियों से तंग आ चुके हैं, हम बदलाव चाहते हैं।

सुनक के पास आम चुनाव की तारीख तय करने की शक्ति है, लेकिन चुनाव अगले साल 28 जनवरी से पहले आयोजित होना चाहिए। कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष रिचर्ड होल्डन ने कहा कि यह एक कठिन रात थी। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लेबर पार्टी 20 प्रतिशत अंक आगे है।

सप्ताहांत में नतीजे आते रहने वाले हैं, जिसमें लंदन में प्रमुख मेयर पद की प्रतियोगिता भी शामिल है, जहां लेबर के सादिक खान को फिर से चुने जाने की उम्मीद है। अन्यत्र, मध्यमार्गी लिबरल डेमोक्रेट और ग्रीन पार्टी ने भी लाभ कमाया, जैसा कि रिफॉर्म यूके ने किया, जो कंजर्वेटिव मतदाताओं को दाईं ओर ले जाने की कोशिश कर रहा है।

## भारत ने की थी चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश... खालिस्तानियों का जिक्र कर कनाडा जांच आयोग ने किया बेबुनियाद दावा

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के बीच ओटावा के आयुक्त के नेतृत्व में एक स्वतंत्र सार्वजनिक जांच में दावा किया गया है कि भारत देश में खालिस्तानी अलगाववादियों पर अपनी चिंताओं के बीच कनाडाई राजनेताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है। कमिश्नर मैरी-जोसी हॉग की अंतरिम रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, कनाडा स्थित प्रॉक्सी समेत भारतीय अधिकारी कई गतिविधियों में शामिल हैं। ये विभिन्न मुद्दों पर ओटावा की स्थिति को नई दिल्ली के हितों के साथ ÷संरेखित÷ करने के लिए कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कनाडा के पिछले दो संघीय चुनावों, 2019 और 2021 में विदेशी हस्तक्षेप के सबूत थे। हालांकि, चुनाव परिणाम प्रभावित नहीं हुए और चुनावी प्रणाली मजबूत थी।



194 पन्नों की रिपोर्ट में कुल 43 बार भारत का जिक्र किया गया। प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया कि कनाडा में भारत की रुचि कनाडा के बड़े दक्षिण एशियाई समुदाय से संबंधित है। भारत इन समुदायों के एक हिस्से को भारत विरोधी भावना को बढ़ावा देने वाले के रूप में देखता है और भारत की स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत खालिस्तानी अलगाववाद से जुड़े किसी भी व्यक्ति को देश के लिए ÷देशद्रोही खतरे÷ के रूप में देखता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वैध खालिस्तान समर्थक राजनीतिक वकालत और अपेक्षाकृत छोटे कनाडा स्थित खालिस्तानी हिंसक उग्रवाद के बीच अंतर नहीं करता है।

कनाडाई रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि भारतीय विदेशी हस्तक्षेप का निशाना अक्सर इंडो-कैनेडियन समुदाय के सदस्य थे। लेकिन, प्रमुख गैर-भारत-कनाडाई भी भारत की विदेशी प्रभाव गतिविधियों के अधीन हैं। इसमें कहा गया है कि ये गतिविधियाँ कनाडा के लोकतांत्रिक संस्थानों को प्रभावित करने के उद्देश्य से नहीं हो सकती हैं, लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण हैं। कनाडा में भारतीय अधिकारी विदेशी हस्तक्षेप करने के लिए कनाडाई और कनाडाई-आधारित प्रॉक्सी और उनके नेटवर्क में संपर्कों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं। यह भारत और विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों के बीच किसी भी स्पष्ट संबंध को अस्पष्ट करता है। प्रॉक्सी भारत और भारत में भारतीय खुफिया अधिकारियों के साथ संपर्क करते हैं और काम करते हैं कनाडा, उनसे स्पष्ट और अप्रत्यक्ष दोनों दिशा-निर्देश ले रहा है।

# शहबाज जाएंगे, नवाज आएंगे, पाकिस्तान में फिर होगा चुनाव?

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** कंगाल, बदहाल और दाने-दाने को मोहताज मुल्क पाकिस्तान में वैसे तो खाने के लिए भी पैसे नहीं हैं। वहां की आवाम महंगाई पर त्राहिमाम कर रही है। लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरानों को वहां के लोगों की परवाह कहां है। उन्हें तो अपनी हुकूमत अपनी शान और पार्टी की तरक्की से मतलब है। इसकी तरफ तब दिखी जब हाल ही में पाकिस्तान में मध्याविधी चुनाव की आहट सुनाई पड़ी। हाल ही में चुनाव में हुए धांधली और फर्जीवाड़े के जरिए आवाम के साथ किए गए मजाक की पूरी दुनिया में खूब किरकिरी हुई। लेकिन चुनाव के नाम पर किए गए धोखे के बाद भी पाकिस्तान को अपनी ऊंगली पर नचाने वाली सेना के मंसूबे उतने हद तक कामयाब नहीं हो पाए। इसलिए पाकिस्तान में फिर से चुनाव की बात अब उठने लगी है। चुनाव के नाम हुए धांधली की नई कहानी लिखी जा रही है। इलेक्शन को लेकर इंटरनेशन बेइज्जती के बावजूद चुनाव कराने का दंभ भरा जा रहा है।

चुनाव की बात नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएनएल ने उछाली है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता जावेद लतीफ ने अपनी ही केंद्र सरकार के लिए खतरे की घंटी बजा दी है और संकेत दिया है कि देश के प्रधान मंत्री के रूप में नवाज शरीफ के चौथे कार्यकाल का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अगले दो वर्षों के भीतर शीघ्र चुनाव हो सकते हैं।सत्तारूढ़ पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवाज शरीफ के करीबी जावेद लतीफ ने इसको लेकर एक इंटरव्यू में दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री बनने वाले थे। लेकिन हमारी पार्टी 8 फरवरी को हुए चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव दो या पांच साल में हों, पीएमएल-एन सुप्रीमो चौथी बार सत्ता की बागडोर संभालेंगे। नवाज दो साल के भीतर शीर्ष स्थान कैसे हासिल कर सकते हैं, खासकर जब उनके अपने भाई इस पर काबिज हैं, तो लतीफ ने कहा कि यह चुनाव के जरिए संभव होगा। चुनाव कल भी हो सकते हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की कि यहां तक ??कि जो लोग एक बार प्रधानमंत्री के रूप में चौथे कार्यकाल के लिए नवाज की राह में बाधा बने थे, वे भी अब उनके पीछे रैली करेंगे।



# आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पिछली विजेता चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल 2024 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। पंजाब की कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। 3 दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपॉक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की टीम अभी 7वें नंबर पर चल रही है और प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। यह मैच पंजाब के दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा।

धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांकि इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था। पिछले आईपीएल सीजन यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे, तब दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था। इसके बाद बल्लेबाजों का जलवा देखने के लिए फिर तैयार रहिए।

इस मैच में ओस की भूमिका नहीं रहेगी है। मैच दिन में 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। इसके बाद टॉस उतना अहम नहीं होने वाला है। फिर भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग कर सकती। ऐसी पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है।




### टीम

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

**चेन्नई सुपर किंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

# हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा: हार्दिक पंड्या



### -केकेआर से हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने कहा

**मुंबई, (एजेंसी)।** आईपीएल मे शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24 रन से हरा दिया। केकेआर के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 145 रन पर ढेर हो गई। इस हार से कप्तान हार्दिक पंड्या काफी परेशान दिखे। उनसे हार का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा।

मुंबई इंडियंस के लिए सिर्फ सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने थोड़ा संघर्ष किया। बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट गंवाते गए। बहुत सारे सवाल हैं और इन सब के जवाब ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा। हार्दिक पंड्या केकेआर के खिलाफ सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, इससे पहले उन्होंने मैच में 2 विकेट लिए।

हार्दिक पंड्या ने केकेआर की पारी को 169 रन तक रोकने के लिए गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अगर मैं गलत नहीं हूं तो दूसरी पारी में ओस के कारण विकेट बेहतर हो गया। हमें देखना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। खेल में संघर्ष जारी रखा जाता है। मैं भी अपनी टीम के खिलाड़ियों से यही कहता हूं।

बता दें कि मुंबई की टीम आईपीएल 2024 की प्लेऑफ रेस से लगभग बाहर हो गई है। वह अपने 11 में से 8 मैच हार चुकी है और 6 अंक के साथ पॉइंट टेबल में नौवें नंबर पर है। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ही टेबल में उससे नीचे हैं, लेकिन बेंगलुरू को मुंबई से एक मैच ज्यादा खेलना है। बेंगलुरू की टीम 10 में 7 मैच हार चुकी है देखना है कि वह प्लेऑफ में खेलती है या नहीं।

# टी20 विश्व कप टीम का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं हुआ: जडेजा



### - कोहली को ओपनिंग तो रोहित को तीसरे नंबर पर उतारें

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर अजेय जडेजा ने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन पर सवाल उठाए हैं। जडेजा ने कहा है कि चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप में विराट कोहली को ओपनिंग में उतारने की सलाह दी है जबकि रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर खिलाने का आग्रह किया है।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति ने 30 अप्रैल को टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दी है। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया का सामना उसके खास प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। यह मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। टीम चयन को लेकर अजय जडेजा ने कहा कि विराट कोहली को पारी की ओपनिंग करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतारा जाना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जायेगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिल जाएगा।

जडेजा ने खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन किया है। जडेजा ने कहा कि चोट के बाद पंड्या ने आईपीएल में वापसी की लेकिन वह ना तो बल्ले से और ना ही गेंद से अभी तक अपने आप को मजबूत साबित कर पाए हैं। मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या की टीम पर आईपीएल से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अजेय जडेजा ने कहा कि वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला खिलाड़ी कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

# बीसीसीआई को लेकर पूर्व पाक क्रिकेटर का बयान, कहा- 'आईसीस इवेंट में आने से इनकार करना भारत को पड़ेगा भारी'

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ अक्सर भारत को लेक कुछ ना कुछ उलजलूल बोलते रहते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने कहा है कि, भारत अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से मना करता है तो उसे भारी पड़ेगा। सूत्रों ने आईएएनएस को पहले बताया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने ते लिए नहीं जा सकता है। इसमें कहा गया है कि आयोजन स्थ को संभावित रूपय से बदले या हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने के बारे में चर्चा हो रही है।



वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद लतीफ ने द्बहस-से कहा कि, आप द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। लेकिन आईसीसी आयोजनों से इनकार करना कठिन होगा। जब आईसीसी अपनी योजना बनाती है, तो टीमों को पता होता है कि उन्हें कहां खेलना है। जैसे पाकिस्तान को पता था कि उन्हें वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाना है, और क्रिकेट बोर्डों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं।

राशिद लतीफ ने आगे कहा कि, आईसीसी आयोजनों से इंकार करना थोड़ा कठिन लगता है। 1996 वर्ल्ड कप में, ऑस्ट्रेलिया और वेस्डइंडीज ने श्रीलंका जाने से इनकार कर दिया और पूरा समूह बदल गया और श्रीलकं चैंपिय बन गया। ये बहुत बड़ी गलती थी, अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर सरकारी स्तर पर कोई परिस्थिति बनती है तो क्यों नहीं आ रहे इसका तार्किक जवाब देना होगा। आप पाकिस्तान में हालात नहीं हैं, इसका गवाला देकर द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। मेरी राय में, आईसीसी आयोजन से इनकार करना उल्टा पड़ सकता है।

# टी20 विश्वकप को लेकर सौरव गांगुली ने की भविष्यवाणी, इन दो टीमों को बताया बेस्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने दो टीमों को बेस्ट बताया है। दरअसल, गांगुली ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया को दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के रूप में चुना है। टूर्नामेंट की शुरुआत 2 जून से हो रही है। गांगुली ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे वर्ल्ड कप 2023 की फाइनलिस्ट हैं। उम्मीद है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना दबदबा बनाए रखेगा। सौरव गांगुली ने कहा कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं मुझे यकीन है कि वे अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी ऐसा ही करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-8 में जगह बनाएंगी। टीम इंडिया ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में भारतीय टीम के अलावा पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका की टीम भी शामिल हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। इस ग्रुप में उनके अलावा इंग्लैंड, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें शामिल हैं। इसके अलावा सौरव गांगुली ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय के बारे में कहा कि, ये एक शानदार टीम है, वे सभी मैच विजेता हैं। सभी 15 खिलाड़ी चुने जाने के लिए काफी अच्छे हैं। मुझे यकीन है कि रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ सर्वश्रेष्ठ को चुनेंगे।



# आईपीएल से निकला नया सितारा नीतीश

नई दिल्ली ।आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा नीतीश रेड्डी ने शानदार प्रदर्शन किया है। नीतीश ने राजस्थान रॉयल्स ओर पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबलों में जिस प्रकार दबाव के बीच ही आक्रामक पारियों खेली हैं। उससे माना जा रहा है कि वह भविष्य में टीम इंडिया के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर सामने आयेंगे। नीतीश ने राजस्थान के खिलाफ हुए मुकाबले में जिस प्रकार दबाव के बीच ही अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई उससे उनकी क्षमताओं का अंदाज होता है। नीतीश सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इस युवा ने अपनी पारी के दौरान 3 चौके और 8 छक्के लगाये। इस प्रकार आईपीएल से भारत को एक नई प्रतिभा मिली है। नीतीश इस मैच में जब बल्लेबाजी के लिए उतरे उस समय टीम ने 35 रन पर ही दो विकेट खो दिये थे। इसके बाद रेड्डी ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर शानदार पारी खेली।



# 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल कराएं

नई दिल्ली। वानखेड़े स्टेडियन में खेले गए आईपीएल के एक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराकर प्लेआफ में जगह बना ली है। केकेआर ने मुंबई को 170 रन का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में मुंबई ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। क्रीज पर टिम डेविड जमे थे उनसे मुंबई को जीत की उम्मीद थी, लेकिन 19वां ओवर में मिचेल स्टार्क ने चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मिचेल स्टार्क आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। केकेआर ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए देकर अपनी टीम में शामिल किया है। स्टार्क पर केकेआर की इस उम्मीद पर खरा उतरने का दबाव है, जो शुरुआती मैचों नहीं दिखा। इससे उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा था, लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले मैच में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मैच से मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल करा दिए। मिचेल स्टार्क जब मुंबई की पारी का 19वां ओवर लेकर आए तो टिम डेविड ने पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। मिचेल इससे पहले आरसीबी के खिलाफ आखिरी ओवर में 3 छक्के पड़वा चुके थे और केकेआर के फैंस के जेहन में वही यादें ताजा हो गई, लेकिन मिचेल बार-बार एक ही गलती नहीं करते। इस बार मिचेल अलग अंदाज में सामने थे और उन्होंने छक्का मारने वाले डेविड को अगली ही गेंद पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करवा दिया। स्टार्क ने इसके बाद ओवर की तीसरी गेंद पर पीयूष चावला और पांचवीं गेंद पर कोएत्जी को बोल्ड किया। मिचेल स्टार्क ने अपने इस ओवर के स्पेल में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। यह आईपीएल इतिहास में सिर्फ चौथा मौका है जब केकेआर के किसी गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 4 विकेट लिए। हालांकि, इस प्रदर्शन के बावजूद स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाए।

# आईपीएल प्लेऑफ की तस्वीर अब भी साफ नहीं हुई

### -10 टीमें आने से समीकरण बदला

**मुम्बई (एजेंसी) ।** (ईएमएस)। आईपीएल में अब तक तक हुए 50 मैचों के बाद केवल एक टीम राजस्थान रॉयल्स का ही प्लेआफ में पहुंचना तय है। वहीं अन्य टीमों को लेकर संशय बना हुआ है। राजस्थान के सबसे अधिक 16 अंक हं जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स, लखनऊ सुपरजाइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद सभी के 12-12 अंक है और इनके बीच प्लेऑफ के लिए कड़ा मुकाबला है। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स भी 10-10 अंक लेकर प्लेफऑफ के लिए संघर्ष कर रही हैं। आईपीएल में जब से 10 टीमें हुई हैं तब से प्लेऑफ का समीकरण थोड़ा बदल गया है। पहले 14 अंक लेकर भी टीमें आसानी से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाती थीं पर अब अब 16 अंक भी पर्याप्त नहीं माने जा रहे हैं। आईपीएल के पिछले दो सत्र में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चार में से तीन टीमों के 16 से अधिक अंक थे जबकि चौथी टीम ने 16 अंक के साथ क्वालीफाई किया था। ऐसे में इस बार भी जिस टीम को प्लेऑफ खेलना है तो उसे कम से कम 16 अंक हासिल करने होंगे। चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली को अपने बाकि मैचों को जीतने के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। के लिहाज से देखें तो उसे अपने बाकी बचे चार में से तीन मैच हर हाल में जीतने होंगे. दूसरी ओर, टॉप-4 में काबिज कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद अगर अपने 2 मैच भी जीत लें तो उनके प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बेहद मजबूत हो जाएगी।



# लीवर कप हो सकता है नडाल का अंतिम टूर्नामेंट

बार्सिलोना । स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल ने कहा है कि 2024 एटीपी टूर उनका आखिरी साल हो सकता है। नडाल के अनुसार वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे। ऐसे में ये उनका अंतिम टूर्नामेंट हो सकता है। नडाल 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह ही बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका अंतिम मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में अब तक 12 बार खिताब जीते हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता हूं।'' वह लंबे समय से चोटों से परेशान रहे हैं। इसी कारण उन्होंने इस साल केवल पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं। गौरतलब है कि लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेली जाती है। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले अंतिम बार रोजर फेडरर के साथ खेलना भी शामिल है। नडाल को तब फेडरर ने अपना जोड़ीदार बनाया है।



# शुभमन गिल ने हरलीन देओल को दिए बैटिंग टिप्स



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अभ्यास के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल के साथ बातचीत की। जिसका वीडियो गुजरात ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वहीं वीडियो में देखा जा सकता है कि गिल हरलीन को क्रिकेट शॉट को लेकर कुछ बता रहे हैं। बता दें कि, हरलीन भी महिला प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए खेलती हैं। हरलीन महिला प्रीमियर लीग में चोटिल हो गई थीं, यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए एक मैच में उनके घुटने में चोट लग गई थी। गुजरात टाइटंस के लिए आज अहम मुकाबला है, उसे जीतना जरूरी है तभी वह प्लेऑफ की लड़ाई में दावेदारी पेश करेगी। गुजरात टाइटंस 10 में से सिर्फ 4 मैच जीते हैं, उसके 8 अंक हैं। टीम के 4 मैच बचे हैं, चारों जीतने के बाद वह 16 अंकों तक पहुंच सकती है।

# पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती है टेटे खिलाड़ी विजया



हैदराबाद । यूटीटी पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र की पदक विजेता विजया दीपिका गंगापट्टनम का लक्ष्य अब पैरालिंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। विजया ने राष्ट्रीय स्तर पर एकल में रजत और युगल में अपने जोड़ीदार के साथ कांस्य पदक जीता है। विजया का यहां तक का सफर जुझारु क्षमता की मिसाल है। हव हड्डियों की एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिसके कारण उसके शरीर में 45 फैक्चर हैं। यहां तक कि झटके लगने पर भी हजिंदगी हड्डी टूट जाती है। इसके बाद भी कठिन परिश्रम कर विजया ने टेबल टेनिस खेलकर अपनी किस्मत बदली है। विजया का भाई भी टेबल टेनिस खेलता है। उसे इस खेल में पिता का पूरा समर्थन मिला। विजया के पिता ने कहा कि उसे जन्म के दौरान भी फैक्चर का सामना करना पड़ा क्योंकि डॉक्टरों को उसकी पहले से स्थिति के बारे में पता नहीं था। विजया के ज्यादातर फैक्चर तब हुए जब वह छोटी थी और घुटनों के बल चल रही थी। उसे अपने शरीर का भार अपने हाथों पर उठाना पड़ता था। वह अलग अलग तरह के व्हीलचेयर का उपयोग करती है। व्हीलचेयर बदलते समय वह कई बार गिर चुकी है। वह नहाने समय फिसल जाती थी, जिसके उसके पैर टूट गए। विजया को सात साल की उम्र तक चलने में दिक्कत होती थी, क्योंकि उसके कूल्हे और घुटने में फैक्चर हो गया था। जिसके कारण सर्जरी करानी पड़ी। इन समस्याओं के कारण उसे अपने दिन-प्रतिदिन के कामों के लिए सहायता लेनी पड़ी। वह अन्य बच्चों की तरह स्कूल नहीं जाती क्योंकि वहां चोट का खतरा बना रहता है।

# यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित, डिफेंडर रोहित को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे।




भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे। गोलकीपिंग विभाग की कमान प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह के हाथों में होगी, जबकि शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव और तालेम प्रियो बाटर को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह और वचन एच ए मिडफील्ड में विपक्षी टीम को झकायेंगे वहीं फॉरवड में सौरभ आनंद कुशवाह, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद, कोनैन दाद, दिलराज सिंह और गुरसेवक सिंह की भूमिका अहम होगी।

कप्तान रोहित ने कहा, 'हम अपने शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के गेमप्ले की समझ विकसित कर चुके हैं। दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने और इस तरह के प्रदर्शन से बेहतर होने में मदद मिलेगी।'

### टीम

गोलकीपर - प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह

डिफेंडर- शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालेम प्रियो बार्टा

मिडफील्डर - अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए

फॉरवर्ड - सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in